( पौष माह ) वर्ष-10, अंक 210, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज गुरुवार 31 अक्टूबर, 2024

TM

नगर संस्करण

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित


Adhunik Samachar




## संक्षिप्त समाचार

### धीमी गति से बढ़ने वाले पेड़ अधिक समय तक रहते हैं जीवित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विविध प्रजातियों के पेड़ों वाले जंगलों में कार्बन सोखने की क्षमता ज्यादा होती है, क्योंकि इन जंगलों में पेड़ों की जैव विविधता ज्यादा होती है। पेड़ों की प्रजातियों के सही मिश्रण का चयन करके ज्यादा से ज्यादा



कार्बन जमा किया जा सकता है। इससे जलवायु में बदलाव को कम करने में मदद मिल सकती है। एक नए अध्ययन से पता चला है कि जो पेड़ तेजी से बढ़ते हैं और तेजी से कार्बन को अवशोषित करते हैं वे छोटे होते हैं व उनका जीवनकाल कम होता है। इस वजह से कार्बन का भंडारण कम होता है और यह वायुमंडल में वापस तेजी से निकल जाती है। वहीं, धीमी गति से बढ़ने वाली प्रजातियां लंबे समय तक जीवित रहती हैं और बड़ी होती हैं, जिनमें वायुमंडलीय से अधिक कार्बन को सोखने की क्षमता होती है। चूंकि परिपक्व वनों में बहुत अधिक बायोमास होता है इसलिए वे युवा वनों की तुलना में अधिक कार्बन संग्रहित करते हैं। इन्हीं वनों के युवा पेड़ बढ़ने के लिए कार्बन का उपयोग करते हैं।

### बुढ़ापे में छलके आंसू जब अपनों ने भुलाया तो पीएम ने अपनाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** फूला देवी यूपी, उत्तराखंड, हरियाणा और चंडीगढ़ से आए उन पांच बुजुर्गों में शामिल हैं, जिन्हें पीएम मोदी ने आयुष्मान योजना का विशेष कार्ड सौंपा। फूला देवी ने बताया कि मंच पर जब पीएम मोदी कार्ड सौंप रहे थे तो उन्होंने कहा कि अब डॉक्टर के पास जाते रहना और अपना इलाज अच्छे से करवाना। बुढ़ापा और उसमें भी बीमारी हो तो अपने-पराये का फर्क दिखा जाता है। बुढ़ापे में अपनों ने भुला दिया, लेकिन आज पीएम मोदी ने अपनाया। यह कहते-कहते गुरुग्राम की 70 वर्षीय फूला देवी की आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने पल्लू से आंखें पोंछते हुए कहा, आज मैं बहुत खुश हूं।

## भारत के अनाधिकारिक दौरे पर किंग चार्ल्स, बंगलूरू के स्वास्थ्य केंद्र में ठहरे, पत्नी भी है साथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एक अधिकारी ने कहा कि किंग चार्ल्स जहां तीन



दिनों के लिए ठहरे हैं, वह स्थान योग और ध्यान सत्र और अन्य उपचारों के लिए प्रसिद्ध है। वे बीच सप्ताह में ही वापस लौट जाएंगे। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स इनदिनों भारत दौरे पर हैं। सूत्रों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि किंग चार्ल्स बंगलूरू की निजी यात्रा पर आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल छह मई को यूनाइटेड किंगडम के राजा के रूप में उनके राज्यभिषेक के बाद यह भारत की उनकी पहली यात्रा हैं। उनके साथ क्वीन कैमिला भी हैं। एक अधिकारी ने कहा, किंग चार्ल्स जहां तीन दिनों के लिए ठहरे हैं, वह स्थान योग और ध्यान सत्र और अन्य उपचारों के लिए प्रसिद्ध है। वे बीच सप्ताह में ही वापस लौट जाएंगे। बता दें कि किंग चार्ल्स और उनकी पत्नी कैमिला व्हाइटफील्ड के पास एक स्वास्थ्य केंद्र में ठहरे हैं। अधिकारी ने आगे कहा, वे लंबी सैर ऑर्गैनिक फार्म पर जाकर आनंद ले रहे हैं। 30 एकड़ के इस स्वास्थ्य केंद्र में किंग चार्ल्स पहली बार नहीं आए हैं, उन्होंने इससे पहले 2019 में यहीं अपना 71वां जन्मदिन मनाया था।

## मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में भव्य समापन, फैवफेयर्स ने आयोजित किया दो दिवसीय समारोह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दो दिवसीय बिज एक्सपो और समिट 2024 का आयोजन फैवफ़ेयर्स की ओर से किया गया। इस दौरान उभरते




उद्यमियों और स्थापित व्यवसायों के लिए एक मंच प्रदान किया गया। इसमें स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने के लिए अमूल्य नेटवर्किंग और फंडिंग के बारे में बताया गया। इसमें अमर उजाला मीडिया सहयोगी रहा। मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में बिज एक्सपो और समिट 2024 का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें स्टार्टअप संस्थापकों, अनुभवी निवेशकों और प्रमुख उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने उद्यमशीलता विकास और निवेश रुझानों पर चर्चा की। दो दिवसीय समिट का आयोजन फैवफ़ेयर्स की ओर से किया गया। इस दौरान उभरते उद्यमियों और स्थापित व्यवसायों के लिए एक मंच प्रदान किया गया। इसमें स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने के लिए अमूल्य नेटवर्किंग और फंडिंग के बारे में बताया गया। इसमें अमर उजाला मीडिया सहयोगी रहा। समिट में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कुलदीप इंदौरा और विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजस्थान के संगरिया विधानसभा से एमएलए अभिमन्यु पूनिया उपस्थित रहे। इस दौरान वित्तीय रणनीति अंतर्दृष्टि के माध्यम से 'स्टार्टअप को सशक्त बनाना' विषय पर सत्र सबसे प्रभावशाली रहा। वहीं, स्टार्टअप के लिए राजस्व प्रबंधन और वित्तीय रणनीति पर पैनल चर्चा की गई। इसमें लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। अभि इनक्यूबेशन एंजेल फंड के सह संस्थापक अभिमन्यु लोंढे ने सत्र में उद्यमियों को अपने वित्त को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए व्यावहारिक उपकरणों से लैस करने पर ध्यान केंद्रित किया। पैनलिस्टों ने राजस्व को अनुकूलित करने, नकदी प्रवाह को प्रबंधित करने और स्टार्टअप के लिए तैयार लचीले व्यवसाय मॉडल के निर्माण में मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। इस एक्सचेंज ने उपस्थित लोगों को वित्तीय चुनौतियों से निपटने और आत्मविश्वास से अपने विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियां बताई।इसमें हेल्थकेयर स्ट्रैटेजिक और स्टार्टअप मेंटर डॉ. सोनाली किर्डे, मरावाड़ी कैटलिस्ट्स के सीईओ और फंड मैनेजर निखिल गुप्ता, सीक्रेट अल्केमिस्ट के सह-संस्थापक आकाश वालिया और ए डायबिटिक शेफ के सीईओ हर्ष केडिया शामिल रहे। समिट में बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान ने प्रदर्शकों और योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया।

## धमाके जैसी आवाज, भूकंप के झटके से डर में लोग, 280 से अधिक को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** धमाके जैसी आवाज, भूकंप के झटके से डर में लोग, 280 से अधिक को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 85 परिवारों के 287 लोगों को मंगलवार देर रात एक स्कूल में पहुंचाया गया है। केरल के कासरगोड की घटना से लोग उभर नहीं पाए थे कि एक और नई मुसीबत सामने आ गई। यहां के अनक्कल्लू क्षेत्र में मंगलवार की रात अचानक धमाके जैसी आवाजें सुनाई दीं। साथ ही भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इस घटना से आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। आवाजें सुनने के बाद 280 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 85 परिवारों के 287 लोगों को मंगलवार देर रात एक स्कूल में पहुंचाया गया है। रात सवा नौ बजे पहली आवाज सुनी गई। इसके बाद रात सवा 10 बजे और फिर पौने 11 बजे हल्के झटके महसूस किए गए। ये आवाजें एक-दो किलोमीटर के दायरे में सुनी गईं, जिससे ग्रामीणों में डर फैल गया। घटना की



जानकारी मिलने पर पुलिस, राजस्व अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से इन परिवारों को रात में पास के एक स्कूल में पहुंचाया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण बुधवार की सुबह धीरे-धीरे अपने घरों की ओर लौटने लगे थे। अब तक धमाके जैसी इन आवाजों और भूकंप के झटकों का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने इस पर जांच का आदेश दिया है और लोगों से सतर्क रहने को कहा है। इससे पहले, सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात को कासरगोड जिले के नीलेश्वरम के पास 'अंजूतामबलम वीरकावु मंदिर' में उत्सव के दौरान आतिशबाजी में विस्फोट होने से कम से कम 154 लोग घायल हो गए थे, जिनमें से आठ गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना वार्षिक अनुष्ठान कार्यक्रम 'कलियाट्टम' के दौरान हुई, जिसे 'थेय्यम' के नाम से भी जाना जाता है। इस अनुष्ठान कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए थे। विस्फोट उस वक्त हुआ जब पटाखों को स्टोर करने वाले शेड के अंदर चिंगारी गिरी, जिसे पटाखों के पूरे भंडारण में आग लग गई और तेज धमाका हुआ था। पटाखा भंडारण की जगह आतिशबाजी की जगह से 100 मीटर दूरी पर थी। पुलिस ने बताया था कि जब आतिशबाजी हो रही थी तो एक चिंगारी पटाखा भंडारण वाली जगह गिरी और उससे धमाका हो गया। इस हादसे में कई लोग झुलस गए।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सैनिकों के साथ मनाएंगे दिवाली, रिजिजू के साथ तवांग के लिए रवाना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों के



कर्मियों के साथ बातचीत करने और बहादुर भारतीय सेना अधिकारी मेजर रालेंगनाओ बॉब खातिंग को समर्पित एक संग्रहालय के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। पड़ोसी देश चीन के साथ पिछले दिनों पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सालों से चला आ रहा विवाद सुलझ गया है। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश के सीमाई इलाके तवांग में दिवाली मनाने का फैसला किया है। इसके लिए वे अरुणाचल प्रदेश के तवांग के लिए रवाना हो गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'अरुणाचल प्रदेश की दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली से तवांग के लिए रवाना हो रहा हूं। सशस्त्र बलों के कर्मियों के साथ बातचीत करने और बहादुर भारतीय सेना अधिकारी मेजर रालेंगनाओ बॉब खातिंग को समर्पित एक संग्रहालय के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं।'बता दें, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारतीय वायुसेना की वायु वीर विजेता कार रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। यह रैली भारतीय वायुसेना की 92वीं वर्षगांठ और 1999 के कारगिल युद्ध में भारत की जीत के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य युद्ध और बचाव अभियानों में भारतीय वायुसेना के गौरवशाली इतिहास और वीरता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इससे पहले अक्तूबर 2023 में भी तवांग गए थे। उस दौरान उन्होंने सैनिकों के साथ शस्त्र पूजा की थी। रक्षा मंत्रा ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात सैनिकों के साथ बातचीत की थी और दशहरा का उत्सव मनाया था। इससे पहले उसी साल लेह में उन्होंने सेना के जवानों के साथ होली का त्योहार मनाया था। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सीमा पर तैनात जवानों के साथ उत्सव मनाते रहे हैं। तवांग सेक्टर में साल 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान चीनी पक्ष की ओर से पहली बार तोप से गोले दागे गए थे। बता दें कि दिसंबर 2022 में अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (र्थ्ंण्) चीन की सेना से झड़प भी हुई थी। तवांग में 50 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। चीन इसे छोटा तिब्बत कहता है। इस क्षेत्र को लेकर चीन अक्सर ही बखेड़ा खड़ा करता रहता है।

## स्पेन के पीएम सांचेज ने खरीदी गणेश प्रतिमा, यूपीआई से भुगतान; कहा- ईयू-भारत एफटीए वार्ता के लिए उत्सुक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मंगलवार को मुंबई में भगवान गणेश की प्रतिमा खरीदी। इसके लिए उन्होंने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल किया। आसानी से हुए इस लेनदेन के बाद सांचेज ने यूपीआई की सराहना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ एफटीए पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज ने कहा कि वह भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुफ्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने भारत और स्पेन समेत 27 देशों के संगठन यूरोपीय संघ के बीच मजबूत संबंधों की विशाल क्षमता है। यूरोपीय संघ (ईयू)-भारत ने दोनों क्षेत्रों के बीच द्विपक्षीय व्यापार



और निवेश को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से एफटीए का प्रस्ताव रखा। दोनों पक्ष एफटीए, निवेश संरक्षण संधि और भौगोलिक संकेत (जीआई) पर समझौते पर बातचीत कर रहे हैं मुंबई में मंगलवार को सीआईआई स्पेन इंडिया बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए सांचेज ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मजबूत रिश्ते की संभावना बहुत अधिक है। स्पेन दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और उसने भारत में 4.2 अरब डॉलर का निवेश किया है। दोनों क्षेत्रों के बीच एफटीए से हमारे बाजारों को आकार और विविधता में वृद्धि करने में मदद मिलेगी। पीएम सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है।स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मंगलवार को मुंबई में भगवान गणेश की प्रतिमा खरीदी। इसके लिए उन्होंने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल किया। आसानी से हुए इस लेनदेन के बाद सांचेज ने यूपीआई की सराहना की सांचेज ने कहा कि सौर और पवन ऊर्जा में अपने अनुभव के साथ हमारे पास भारत को देने के लिए बहुत कुछ है। हमारी विशेषज्ञता भारत को 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुंचने में मदद कर सकती हैं।

## गुजरात दौरे पर पीएम मोदी, 280 करोड़ के परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास और उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पीएम मोदी बुधवार और गुरुवार को गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह केवडिया में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे और राज्य को 280 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न बुनियादी ढांचा और विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30-31 अक्तूबर को अपने गृह राज्य गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह केवडिया में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे और राज्य को 280 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न बुनियादी ढांचा और विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे।पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री बुधवार को केवडिया में 280 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का



उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनका उद्देश्य पर्यटक अनुभव को बढ़ाना, पहुंच में सुधार करना और क्षेत्र में सतत विकास पहल का समर्थन करना है।

## अमेरिका में पुरुषों से ज्यादा महिला वोटर आधी आबादी के पास है ट्रंप कार्ड

**अमेरिका।** राष्ट्रपति चुनाव में एक हफ्ते से कम वक्त बचा है और दोनों ही खेमे अपना पूरा जोर लगा रहे हैं। इस चुनावी रेस में जीते कोई भी, मगर व्हाइट हाउस में एक रिकॉर्ड बनना तय है। डोनाल्ड ट्रंप जीते तो अमेरिका को इतिहास का सबसे उम्र दराज़ राष्ट्रपति मिलेगा। वहीं कमला हैरिस बाज़ी मारती हैं तो पहली बार अमेरिका में एक महिला राष्ट्रपति की सत्ता होगी। अमेरिका में कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच जारी चुनावी मुकाबला अब फाइनल फेज में पहुंच चुका है। चुनाव में एक हफ्ते से कम वक्त बचा है और दोनों ही खेमे अपना पूरा जोर लगा रहे हैं। इस चुनावी रेस में जीते कोई भी, मगर व्हाइट हाउस में एक रिकॉर्ड बनना तय है। डोनाल्ड ट्रंप जीते तो अमेरिका को इतिहास का सबसे उम्र दराज़ राष्ट्रपति मिलेगा। वहीं कमला हैरिस बाज़ी मारती हैं




तो पहली बार अमेरिका में एक महिला राष्ट्रपति की सत्ता होगी। अमेरिका में नए राष्ट्रपति का यह चुनाव कई मायनों में अहम भी है और वैश्विक राजनीति के लिहाज से निर्णायक भी माना जा रहा है। वहीं इस निर्णायक चुनाव में महिलाओं के निर्णय की एक बड़ी अहमियत है।

# कुम्भ में अर्धनारीश्वर धाम का लगेगा शिविर, वैष्णव किन्नर अखाड़े की मान्यता दी जाय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** अर्धनारीश्वर धाम के महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी




ने प्रयागराज में लगने वाले आगामी महाकुम्भ में महामंडलेश्वर बनाने और वैष्णव किन्नर अखाड़ा के गठन की घोषणा की।इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के नारद सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए मंगलवार को उन्होंने जानकारी दी।हिमांगी सखी ने बताया कि शिविर में जनकल्याण के कई कार्य किए जाएंगे जिसमें शिविर में चिकित्सा व स्वच्छता के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाएगा साथ ही पूरे मेला के दौरान कथा के माध्यम से लोगों सनातन धर्म के प्रचार प्रसार भी किया जायेगा। किन्नर अखाड़ा एवं वैष्णव किन्नर अखाड़ा को आधिकारिक मान्यता देने के लिए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद से मांग भी की।महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने बताया कि अब समय आ गया है जब किन्नर अखाड़ों को भी अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद द्वारा मान्यता दी जानी चाहिए।महामंडलेश्वर हिमांगी सखी का मानना है कि आज नहीं तो भविष्य में जरूर किन्नर अखाड़ा और वैष्णव किन्नर अखाड़ा को मान्यता प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि पहले अखाड़ों की संख्या केवल चार थी, जो धीरे-धीरे बढ़ते हुए आज 13 तक पहुंच चुकी है। आने वाले समय में किन्नर अखाड़ा एवं वैष्णवी किन्नर अखाड़ा को भी मान्यता मिलने का पूरा विश्वास है।हिमांगी सखी ने



कहा कि किन्नर समाज के लोगों को भी आधिकारिक रूप से धार्मिक आयोजनों में स्थान मिलना चाहिए। सिर्फ किन्नर कल्याण बोर्ड बनाने से कीन्रन का उद्धार नहीं होगा , बल्कि निचले सदन से उच्च सदन तक आरक्षण दिया जाए साथ ही किन्नर आयोग का गठन किया जाए जिससे किन्नर समाज के लोग भी सदन में अपनी आवाज़ बुलंद कर सके। अर्धनारीश्वर धाम के शिविर के माध्यम से किन्नर समाज की आध्यात्मिकता को एक मंच मिलेगा, जहां वे अपनी आस्था और धार्मिकता को जनसामान्य के सामने प्रस्तुत कर सकेंगे।महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने विश्वास व्यक्त किया कि किन्नर अखाड़ों को मान्यता देकर समाज में उनके योगदान को मान्यता दी जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि अखाड़ों में किन्नर समाज का प्रतिनिधित्व उनके समाज के लिए आत्मसम्मान और पहचान का प्रतीक होगा।उन्होंने कहा कि किन्नर अखाड़ा और वैष्णव किन्नर अखाड़ा, दोनों ही अपने समाज के लोगों के लिए एक नई दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं, और अब वक्त आ गया है कि अखाड़ा परिषद इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाए। हिमांगी सखी का यह बयान धार्मिक जगत में नए बदलाव का संकेत देता है। किन्नर समाज के लिए आध्यात्मिक और धार्मिक मंच उपलब्ध कराना उन्हें मुख्यधारा में लाने के प्रयास का हिस्सा माना जा रहा है। किन्नर अखाड़ों को मान्यता देने से समाज में समावेशिता का संदेश जाएगा और इससे किन्नर समाज के लोगों को सामाजिक और धार्मिक पहचान मिलेगी।हिमांगी सखी का मानना है कि अखाड़ा परिषद का समर्थन मिलने पर किन्नर समाज का अखाड़ों में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सकेगा।

# निजी कॉलेजों ने लाखों में बढ़ाई फीस, पढ़ें कॉलेज से लेकर हॉस्टल तक कितनी हुई बढ़ोतरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में डॉक्टर बनना अब और महंगा हो गया है। यहां निजी कॉलेजों में लाखों रुपये तक की फीस बढ़ गई है। आगे पढ़ें और जानें कॉलेज से लेकर हॉस्टल



तक कितनी बढ़ोतरी हुई उत्तर प्रदेश के निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की फीस पांच हजार से चार लाख रुपये तक बढ़ गई है। छात्रों को बढ़ी फीस एकमुश्त अथवा चार किस्तों में जमा करना होगा। बकाये पर कॉलेज कोई विलंब शुल्क अथवा ब्याज नहीं लेंगे। इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आदेश जारी कर दिया है। दरअसल, निजी मेडिकल कॉलेजों में फीस निर्धारण के लिए कमेटी बनाई गई थी, लेकिन कॉलेजों से आवेदन न होने से फीस नहीं बढ़ाई गई। इस पर जुलाई में यूपी अनएडेड मेडिकल एंड एलाइड साइंस कॉलेज वेलफेयर एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट के आदेश के बाद दोबारा कमेटी बनाकर फीस का निर्धारण किया गया है। अब एमबीबीएस की एक साल की फीस 11 लाख से 16.48 लाख के बीच हो गई है। एमबीबीएस कोर्स में पांच कॉलेजों में फीस बढ़ाई गई है। इसमें श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बरेली की 2.74 लाख, हिंद इंस्टीट्यूट बाराबंकी की चार लाख, मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज की एक लाख, रामा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कानपुर की पांच हजार और राजश्री मेडिकल कॉलेज बरेली की ढाई लाख फीस बढ़ाई गई है। अन्य कॉलेजों में पूर्व निर्धारित फीस ही लागू है। बीडीएस में सरदार पटेल डेंटल कॉलेज लखनऊ की 70 हजार, आईटीएस डेंटल कॉलेज गाजियाबाद की 24 हजार, सरस्वती डेंटल कॉलेज लखनऊ की 42 हजार रुपये फीस बढ़ाई गई है। एमडी एमएस में रामा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कानपुर की क्लीनिकल कोर्स में 4.26 लाख, पैथोलॉजी में दो लाख, नॉन क्लीनिकल में दो लाख , राजश्री मेडिकल कॉलेज में क्लीनिकल कोर्स में 4.19 लाख, पैथोलॉजी में 2.23 लाख और नॉन क्लीनिकल में 1.60 लाख रुपये बढ़ाई गई है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले-पुलिस रक्षक के बजाय हो गई हत्यारी अब भाजपा का हटना तय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** राजधानी में पुलिस हिरासत में मौत के मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा हिरासत में मौत हुई है। कहा कि इस घटना ने साबित कर दिया कि पुलिस रक्षक के बजाय हत्यारी हो गई है। हिरासत में हुई मौत के मामले



कि पुलिस रक्षक के बजाय हत्यारी हो गई है। आगामी चुनाव में भाजपा का हटना तय है। राजधानी लखनऊ में चार दिन पहले पुलिस हिरासत में हुई मोहित पांडेय की मौत का मामला राजनीतिक रंग ले रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हिरासत में मौत का सिलसिला जारी है। अलग-अलग जिलों में हुए घटनाक्रम के बाद अब राजधानी में की मुख्यमंत्री जिम्मेदारी लें और पद से इस्तीफा दें। वह चिनहट में मोहित पांडेय के परिजनों से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय दोपहर में मोहित पांडेय के आवास पहुंचे। परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और आश्वासन दिया कि कांग्रेस हर वक्त उनके सहयोग के लिए तत्पर रहेगी।

# भव्य मंदिर में रामलला के दीपोत्सव में झूम उठी रामनगरी, तस्वीरों में देखें अलौकिक छटा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** झांकियों के साथ शोभायात्रा में पूरी नगरी राममय दिखी। इन्हें देखकर त्रेतायुग में राम राज्याभिषेक के जैसा अहसास होगा। अध्यात्म, संस्कृति और परंपरा के अनूठे संगम के नयनाभिराम दृश्यों का साक्षी देश और दुनिया बनेगी। यूपी के अयोध्या में रामलला के नव्य और भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला दीपोत्सव बेहद खास होगा। बुधवार को यहां उत्सव का रंगारंग आगाज हो गया। हर तरफ उल्लास छाया है। रामायण कालीन प्रसंगों की झांकिया लोगों का मन मोह रही हैं। शोभायात्रा में शामिल झांकियां नगर भ्रमण कर लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हैं। जगह-जगह श्रद्धालु झूम रहे हैं। पूरी नगरी को भव्य तरीके से सजाया गया है। मन मोह लेने वाले दृश्यों की एक झलक पाने को हर कोई आतुर दिखाई पड़ रहा है। अयोध्यावासी रामलला के आगमन की खुशी से सराबोर है। 25 लाख दीपों के एक साथ जलने का कीर्तिमान बनने से




पहले ही सुबह नौ बजे यहां मेगा शो शुरू हो गया। इस दौरान अध्यात्म, संस्कृति और परंपरा का अनूठा संगम दिगा। इन नयनाभिराम दृश्यों का साक्षी देश और दुनिया बनेगी। इससे पहले इसकी सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। यहां छोटी दिवाली पर त्रेतायुग जैसा माहौल दिखा। रामनगरी का माहौल राममय दिखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवान राम समेत चारों भाइयों को तिलक लगाकर स्वागत करेंगे। राम राज्याभिषेक की झांकी साकेत महाविद्यालय से निकलनी है। परिसर में झांकी निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। कुल 49 मूर्तियां और 19 रथ तैयार किए जा रहे हैं। इससे पहले मंगलवार को झांकी की तैयारियां परखी गईं। राम राज्याभिषेक के 48 घंटे पहले साकेत महाविद्यालय से जयश्रीराम के उद्घोष के साथ ट्रक पर निर्मित रथ पर सवार होकर झांकियां निकली, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं। झांकी में सीताराम विवाह, धनुष यज्ञ, केवट संवाद, लंका से वापसी, राम दरबार, खरदूषण वध, किष्किंधा व अशोक वाटिका के दृश्य को दर्शाया गया था। दीपोत्सव से पहले रामनगरी विभिन्न रंगों में नजर आई। कोई अपने आराध्य के भजनों में झूमता दिखाई दिया, तो कोई अलग रंग में नजर आया। वहीं एक समर्थक सीएम योगी आदित्यनाथ के स्केच के साथ रामनगरी पहुंचा। बताते चलें सीएम दीपोत्सव में शामिल होने दोपहर 2.20 बजे पहुंचेंगे। रामनगरी में चंहुओर दीपोत्सव का उल्लास छाया हुआ है। इस मौके पर देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। साथ ही देशभर से कलाकार भी पहुंचे हैं। वह अलग-अलग तरह से अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। अपने आराध्य को रिझाने रामनगरी पहुंची महिला कलाकारों ने अलग-अलग तरह से अपनी प्रस्तुतियां दीं। इसी कड़ी में कुछ महिला कलाकारों ने मयूर नृत्य प्रस्तुत किया। रामनगरी अयोध्या में बुधवार की सुबह दीपोत्सव का आगाज हो गया। इस उत्सव शामिल होने के लिए रूस से भी विदेशी मेहमान पहुंचे।






# अध्यक्ष रेरा ने रियल स्टेट एजेंट प्रशिक्षण जल्द शुरू करने के निर्देश दिए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भू सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की स्टाफ बैठक का आयोजन रेरा सभागार में अध्यक्ष संजय आर भूसरेडडी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस बैठक में रेरा ए.सी.आर. कार्यालय ग्रेटर नोएडा के अधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्राधिकरण के कार्यों का गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन, जिसके अन्तर्गत एजेन्ट पंजीकरण और प्रशिक्षण की तैयारी, प्रमोटरों से सम्बन्धित जानकारियां अद्यतन किया जाना और अपीलीय अधिकरण से समन्वय करना आदि। अध्यक्ष संजय आर भूसरेडडी ने बैठक में बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि एजेंट ट्रेनिंग के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ शीघ्र पूर्ण की जाएँ और प्रशिक्षण का कार्य नवंबर माह से हर हाल में आरंभ कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण रियल एस्टेट एजेंटों के कार्य कौशल को उन्नत करने और उत्तर प्रदेश में रेरा के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू



किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, रेरा द्वारा जारी किए गए वसूली प्रमाण पत्रों में कई प्रमोटरों के पते और संपत्ति का विवरण उपलब्ध नहीं होने के कारण जिलाधिकारियों द्वारा वसूली नहीं की जा पा रही है। इस स्थिति को सुधारने के लिए रेरा पोर्टल को आर.ओ.सी. की वेबसाइट से जोड़ने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया था। भूसरेडडी ने निर्देश दिए कि इसके लिए सचिव, कॉरपोरेट अफेयर्स, भारत सरकार को जल्द अनुस्मारक पत्र भेजा जाए ताकि प्रमोटरों की अद्यतन जानकारी सहजता से प्राप्त हो सके और वसूली प्रमाण पत्रों पर कार्रवाई की जा सके। अध्यक्ष ने अपीलीय अधिकरण से दायर की जा रही अपीलों की स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए अपील अधिकरण की वेबसाइट और रेरा पोर्टल के बीच एपीआई के माध्यम से इंटीग्रेशन सुविधा की भी बात कही। सहायक निदेशक (आई.टी.) को यह इंटीग्रेशन प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए गए ताकि अपील संबंधी सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान हो सके, जिससे आर.सी. जारी, भरने या धनराशी घर खरीददारों के खातों में भेजने के कार्यों जैसे मामलों के निस्तारण में तेजी आए। बैठक में सचिव, प्रमोद कुमार उपाध्याय प्रमुख सलाहकार, अबरार अहमद, सहित रेरा के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# झारखंड विधानसभा के दो और महाराष्ट्र के चार कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची जारी


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए दो और प्रत्याशियों की सूची जारी की है।इसके अलावा महाराष्ट्र विधानसभा की चार सीटों पर भी उम्मीदवारों का



एलान किया गया है। दोनों राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों नवंबर में कराए जाने हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव 13 और 20 नवंबर को कराए जाने हैं। इससे पहले पार्टियां अपने प्रत्याशियों का एलान कर रही हैं। ताजा घटनाक्रम में कांग्रेस पार्टी ने दो और उम्मीदवारों की सूची जारी की है। कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने महाराष्ट्र विधानसभा के लिए भी चार प्रत्याशियों की सूची जारी की है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए जिन चार सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का एलान हुआ है, उसमें कोल्हापुर उत्तर सीट भी शामिल है। इस सीट पर उम्मीदवार बदला गया है। बता दें कि पार्टी ने महाराष्ट्र के लिए अब तक कुल 102 उम्मीदवार घोषित किए हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी ने दो उम्मीदवारों की तीसरी और अंतिम सूची जारी की। कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए कुल 30 उम्मीदवार घोषित किए हैं। नीचे की सूची में देखिए महाराष्ट्र और झारखंड की अलग-अलग विधानसभा सीटों से कौन प्रत्याशी ताल ठोकेगा। झारखंड के बोकारो से श्वेता सिंह और धनबाद से अजय दुबे को उम्मीदवार बनाया गया है। महाराष्ट्र के लिए जारी कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची में कोल्हापुर उत्तर से मधुरिमा राजे छत्रपति को टिकट दिया गया है। पहले इस सीट से राजेश भरत लटकर को टिकट दिया गया था। पार्टी ने शोलापुर शहर मध्य से चेतन नरोट को उम्मीदवार बनाया है। अकोला पश्चिम से साजिद खान मन्नान खान और कोलाबा से हीरा देवासी को टिकट दिया गया है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा। झारखंड में दो चरण में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतगणना 23 नवंबर को होगी। गौरतलब है कि झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल 27 विधायकों वाला झारखंड मुक्ति मोर्चा (झ्श्) सबसे बड़ा दल है। 24 विधायकों के साथ भाजपा प्रमुख विपक्षी दल है। इसके अलावा 18 विधायकों वाली कांग्रेस संख्याबल के लिहाज से तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। 81 विधायकों वाली विधानसभा में चार सीटें खाली हैं।

# योगी के 'कटेंगे तो बटेंगे' पर सपा का पलटवार, लिखा-'न कटेंगे न बटेंगे, पीडीए संग रहेंगे'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों उपचुनाव के लोकर गहमागहमी चल रही है। इसी बीच यहां पोस्टर वार शुरू है। एक तरफ सीएम योगी आदित्यनाथ का मथुरा में दिया बयान 'कटेंगे तो बटेंगे' वायरल हो रहा है। इसको संघ का भी समर्थन प्राप्त हुआ। अब इसके जवाब में सपा की तरफ से पोस्टर लगाया गया है। इसमें लिखा गया है किया 'न कटेंगे न बटेंगे, पीडीए संग रहेंगे'। यह पोस्टर राजधानी लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय में लगाया गया है। बुधवार को यह पोस्टर सामने आया तो राजनीति एक बार फिर गर्म हो गई। इसे सोशल माडिया पर पोस्ट किया गया तो यह वायरल हो गया। इसमें पोस्टर में सपा नेता अमित चौबे का नाम लिखा है। जो महाराजगंज जिले के फरेंदा विधानसभा से सक्रिय हैं।




# ट्रैक की मरम्मत के लिए बंद रही क्रॉसिंग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रैक की मरम्मत के कारण रविवार को पूरे दिन रॉबर्ट्सगंज-रामगढ़ मार्ग पर



आवागमन बाधित रहा। सुबह साढ़े दस बजे से शुरू हुआ मरम्मत कार्य पूरे दिन चलता रहा। क्रॉसिंग को शाम सवा सात बजे चारपहिया वाहनों के लिए खोल दिया गया। सोमवार को साढ़े नौ बजे से फिर क्रॉसिंग बंद कर काम कराया जाएगा। जेबीसी से कार्य कराया गया। त्योहारी सीजन में स्टेट हाईवे पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग बंद किए जाने से राहगीरों को परेशानी हुई। साइकिल व बाइक सवार रेलवे स्टेशन के आगे से घूमकर आ-जा रहे थे। बड़े वाहन रेलवे क्रॉसिंग के पास खाली मैदान में खड़े रहे।मिर्जापुर के कलवारी से घोरावल, रॉबर्ट्सगंज होते हुए बिहार सीमा तक जाने वाले स्टेट हाईवे पर रॉबर्ट्सगंज नगर की सीमा में रेलवे क्रॉसिंग स्थित है। रायपुर, मांची, रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्रों के सैकड़ों गांवों सहित बिहार आने-जाने वालों के लिए यही प्रमुख मार्ग है। रोजाना सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। ट्रैक मरम्मत के लिए इस रेलवे क्रॉसिंग को रविवार को बंद किया गया। मरम्मत का कार्य ऐसे समय हो रहा है, जब त्योहारी सीजन चल रहा है। आवागमन का मुख्य मार्ग होने के कारण खरीदारी के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा क्रॉसिंग बंद होने से कचहरी, तहसील, जिला मुख्यालय पर आने वाले लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ीं। बस समेत अन्य यात्री वाहनों का संचालन रेलवे क्रॉसिंग तक हुआ रॉबर्ट्सगंज-रामगढ़ मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर डीप स्क्रीनिंग व ट्रैक मेंटनेंस का का य कराया जा रहा है।

# एक नवबंर को प्रदेश में घोषित हुआ सार्वजनिक अवकाश, पहले खुले थे दफ्तर और माध्यमिक स्कूल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** यूपी में एक नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। दिवाली 31 अक्तूबर को है। पहले इस दिन सरकारी कार्यालय खुले हुए थे। आज सरकार ने इसकी घोषणा की है। यूपी में एक नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। दिवाली 31 अक्तूबर को है। पहले इस दिन सरकारी कार्यालय खुले हुए थे। आज सरकार ने इसकी घोषणा की है। इस घोषणा के बाद प्रदेश सरकार के विभिन्न कार्यालय और माध्यमिक स्कूल एक नवंबर को बंद हो जाएंगे। सरकार के इस फैसले से सरकारी कर्मचारियों को एक तरह से दिवाली का तोहफा मिला है। प्रदेश में एक तरफ जहां बेसिक विद्यालयों में 30 अक्तूबर से तीन नवंबर तक नरक चर्तुदशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज



आदि की छुट्टियां हैं। वहीं माध्यमिक विद्यालयों में 30-31 अक्तूबर को ही छुट्टी है। एक नवंबर शुक्रवार को विद्यालय खुलेंगे और दो को फिर गोवर्धन पूजा की छुट्टी है। इसे लेकर शिक्षकों में नाराजगी है तो छात्र और अभिभावक भी परेशान हैं दरअसल, 30 अक्तूबर से तीन नवंबर तक लगातार त्योहार पड़ रहे हैं। इसकी वजह से न सिर्फ बेसिक बल्कि कई विश्वविद्यालयों ने भी 30 अक्तूबर से तीन नवंबर तक छुट्टी घोषित कर रखी है। किंतु एक नवंबर को माध्यमिक विद्यालय खुले हैं। हालांकि इस दिन कार्तिक अमावस्या पड़ रही है। शिक्षकों व अभिभावकों को कहना है कि बीच में एक दिन स्कूल खुलने से बाहर जाने वाले लोग दीपावली पर भी अपने घर नहीं जा पाएंगे। सरकार के इस आदेश के बाद माध्यमिक स्कूलों के साथ-साथ प्रदेश सरकार के कर्मचारियों को राहत मिलेगी। दीपावली 31 अक्तूबर को मनाएं या 1 नवंबर को, इसको लेकर चल रहे भ्रम को प्रमुख ज्योतिषाचार्यों ने दूर किया है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 31 अक्तूबर को दीपावली मनाना उत्तम होगा। 31 को सूर्यास्त के डेढ़ घंटे बाद लक्ष्मी और गणेश पूजा का मुहूर्त शुरू होगा। विशेष मुहूर्त शाम 6:48 से 8:18 बजे के बीच। सूर्यास्त के बाद पूरी रात पूजन के लिए अच्छा समय रहेगा। दीपावली के मुहूर्त को लेकर फैले भ्रम को दूर करने के लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आचार्यों की मौजूदगी में विभिन्न राज्यों और नेपाल के प्रमुख ज्योतिषाचार्यों की मंगलवार को ऑनलाइन बैठक हुई। करीब ढाई घंटे तक यह बैठक चली। लखनऊ परिसर के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि धर्मशास्त्र निर्णय सिंधु में रजनी शब्द का इस्तेमाल हुआ है। इस शब्द के अर्थ को लेकर भ्रम के चलते कुछ विद्वानों ने एक नवंबर को दीपावली का निर्धारण किया है, जो गलत है। प्रो. झा के मुताबिक रात के आदि और अंत के डेढ़-डेढ़ घंटे को छोड़कर रजनी काल होता है। यानी बीच के नौ घंटे का समय ही रजनी काल कहलाता है। इसलिए दीपावली 31 अक्तूबर को मनाना उत्तम रहेगा।













मिर्ज़ापुर सोनभद्र

# बताते चलें जिला सोनभद्र मे श्री चन्द्रगुप्त मौर्य इन्टरमीडिएट कालेज के प्रबंधक के किया गया खंडन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जनपद के करमा ब्लाक अन्तर्गत ग्राम सभा मधुपुर में स्थित मौर्य इन्टरमीडिएट कालेज मधुपुर के प्रबंधक से जानकारी ली गई तो उनका कहना है कि कालेज में की यह बात आग की तरह फ़ैल गई कि बिना किसी को बताए विद्यालय में नए सदस्य बना दिया गया है।




श्री चन्द्रगुप्त मौर्य इन्टरमीडिएट कालेज में आगामी होने वाले प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर विगत कई महीनों से क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी बीच सोमवार की सुबह यह बात आग की तरह फ़ैल गई कि बिना किसी को बताए विद्यालय में नए सदस्य बना दिया गया है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि उनके द्वारा किए गए हस्ताक्षर भी फर्जी है लेकिन वहीं जब इस संबंध में श्री चन्द्रगुप्त गई हर एक एक्टिविटी लीगली है। हालांकि यह जांच का विषय बना हुआ है। इस मामले में विशेष जानकारी अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।मा ब्लाक अन्तर्गत ग्राम सभा मधुपुर में स्थित श्री चन्द्रगुप्त मौर्य इन्टरमीडिएट कालेज में आगामी होने वाले प्रबंध समिति बीके चुनाव को लेकर विगत कई महीनों से क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी बीच सोमवार की सुबह वहीं कुछ लोगों का कहना है कि उनके द्वारा किए गए हस्ताक्षर भी फर्जी है लेकिन वहीं जब इस संबंध में श्री चन्द्रगुप्त मौर्य इन्टरमीडिएट कालेज मधुपुर के प्रबंधक से जानकारी ली गई तो उनका कहना है कि कालेज में की गई हर एक एक्टिविटी लीगली है। हालांकि यह जांच का विषय बना हुआ है। इस मामले में विशेष जानकारी अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

# दीपावली पर्व पर छात्राओं ने बनाई रंगोली दिया संदेश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**बुधवार को पण्डित विद्याधर इण्टर कॉलेज और परमहंस पब्लिक स्कूल कबरी तरावाँ सोनभद्र में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश चतुर्वेदी ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाले। विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बालिकाओं ने बढ़ -चढ़ कर भाग लिए एवम् छोटे बच्चों ने लक्ष्मी, गणेश,राम,सीता और लक्ष्मण जी का अभिनय किए।इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों के भीतर छुपी प्रतिभाओं को निखारा जाता है तथा



उनमें क्रियात्मकता,एकाग्रता एवं मिलजुल कर कार्य करने की भावना का विकास होता है। छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के संरक्षक सुरेश तिवारी ने कहा कि ठअज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाने वाला यह त्योहार दीपावली राम जी के अयोध्या वापस आने की खुशी के उपलक्ष्य में मनाया जाता है ।ठइस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ओमप्रकाश चतुर्वेदी, श्रवण कुमार पाण्डेय, सागीर खाऩ,अनुराग त्रिपाठी, मनीष दूबे,राजू प्रसाद,आदित्य शर्मा,शशि पटेल जी,पूजा सिंह,पूजा पाण्डेय,पूजा, इंद्रावती, श्वेता सिंह,निधि सिंह, श्रीमती शशि पटेल जी, आरती,अमित पाण्डेय कृष्ण देव पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्यार मे नाकाम युवक ने कर ली खुद खुशी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** 26 वर्षीय युवक ने अपने घर मे कि आत्महत्या सन्दिग्ध परिस्थित मे आज सुबह सतपाल सिंह पुत्र हरि भजन सिंह सैनी उम्र 26 वर्षीय ने आत्महत्या करली -26 वर्षीय युवक विवेकानंद पुरम कॉलोनी मोहल्ला उमरौरा थाना रॉबट्र्सगंज का रहने वाला है -अपने ही घर के दूशरे मन्ज़िले पर पखे से रसि के सहारे आत्महत्या करली -पूछताछ से जानकारी मिली है कि लड़की से प्रेम मे नाकाम होने के चलते आत्म हत्या करली।



# जॉइन मजिस्ट्रेट ने पटाखे की दुकान का किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**डायट परिसर में दीपावली पर्व पर लगे पटाखे की दुकानें का बुधवार को जॉइन मजिस्ट्रेट द्वारा जाट-पातर की जा रही है इसी दौरान लगे पटाखे की दुकान का निरीक्षण किया गया वहीं संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया पटाखे की



निरीक्षण कर दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश। जॉइन मजिस्ट्रेट सदर एसडीएम उत्कर्ष द्विवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी के दिशा निर्देश पर दीपावली पर साथी व्यवस्था को लेकर दुकान पर बालू फायर एवं अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी व लाइसेंस पटाखे की उपलब्धता की जांच की गई अधिक बारूद रखने पर कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए गए।

# बच्चों के सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु चलाया गया अभियान- शेषमणि दुबे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जनपद में मानव तस्करी, बाल श्रम, विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा विशेष रूप से दीपावली पर्व के अवसर पर उरमौरा डायट परिसर में पडाके आदि अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही यह भी बताया गया कि बच्चों के सुरक्षा एवं संरक्षण तथा विभाग द्वारा



बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 30-10-2024 को थाना मानव तस्करी रोधी इकाई व जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त टीम द्वारा थाना रावर्टसगंज अन्तर्गत उरमौरा, कस्बा सहित विभिन्न स्थानो पर मानव तस्करी एवं बाल भिक्षा वृत्ति रोकथाम हेतु के लगे दुकानों के संबन्धित संयोजको एवं उपस्थित लोगो से बच्चों के भविष्य निर्माण में अपना अपना सहयोग देवे साथ ही यह भी बताया गया कि बच्चों को अनिवार्य रूप शिक्षा से जोड़े एवं उनसे बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम जैसे कार्य न करवायें। ऐसा कार्य कराये जाने पर उनके विरूद्ध किशोर न्याय संचालित योजनाओं के बारे में चाईल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर (1098) पर काल करके जानकारी लिया जा सकता हैं। रेस्क्यू टीम मे जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ डब्ल्यू शेषमणि दुबे, थाना मानव तस्करी रोधी इकाई से प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव, मुख्य आरक्षी धनंजय यादव एवं आरक्षी पंकज कुमार उपस्थित रहे।

# राजभवन में राज्यपाल को सौपा ज्ञापन, अनुसूचित जाति जनजाति के साथ-साथ पिछड़ों व सबर्णो को भी दिया जाय बनाधिकार का पट्टा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सोमवार को सोनभद्र,चंदौली मिर्जापुर का प्रतिनिधिमंडल पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में लखनऊ स्थित अधिनियम 2006 तथा नियम 2008 - संशोधन नियम 2012 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार पिछड़ों व अन्य जाति के लोगों के भी आवेदन लिए जाएं क्योंकि को वापस करें,सबर्णो पर कुछ जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के द्वारा की जा रही जाति सूचक टिप्पणियों पर वार्निंग पत्र जारी किया जाए जिससे कि वे भविष्य



राजभवन में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से मुलाकात किया। प्रतिनिधि मंडल में पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी सोनभद्र, धनंजय पाठक सोनभद्र, ठाकुर दिग्विजय सिंह मिर्जापुर, जितेंद्र कुमार अग्रहरी मिर्जापुर, बादल पांडे मिर्जापुर,अभय प्रताप सिंह चंदौली शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने माननीया राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए सोनभद्र,चंदौली,मिर्जापुर के समसामयिक विषयों पर चर्चा किया। प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा करते हुए कहा कि अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वननिवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 अंतर्गत अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति के साथ-साथ पिछड़ों व सबर्णो को भी पट्टा के अधिकार दिए जाय। पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी ने श्रीमती आनंदीबेन पटेल से कहा कि अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वननिवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम में यह स्पष्ट है कि अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के साथ-साथ अन्य परंपरागत वन निवासी को भी पट्टा का अधिकार दिया जाएगा.किंतु जनपद में अन्य परंपरागत निवासियों के प्रार्थना पत्र न हीं लिए जा रहे हैं और ना ही उस पर विचार करते हुए स्वीकृत किया जा रहा है ऐसी दशा में सक्षम स्तर को यह निर्देशित करें की अन्य परंपरागत वन निवासियों अर्थात पिछड़ों व सबर्णो के प्रार्थना पत्र लिए जाएं उस पर नियमानुसार विचार किया जाए और उन्हें बनाधिकार के पट्टे दिए जाय। प्रतिनिधिमंडल ने अन्य विषयों पर भी कुछ चर्चा किया जिसके प्रमुख बिंदु सबर्ण समाज बाहुल्यता वाले जनपद सोनभद्र में सबर्णो की सुरक्षा हेतु उचित कदम राज्य सरकार उठाते हुये समस्या निस्तारण हेतू अलग से मजिस्ट्रेट की न्यूक्ति हो ,जनपद में सबर्णो पर हुए मुकदमों की मजिस्ट्रेट से जांच कराते हुए त्वरित निस्तारण हो और राज्य सरकार फर्जी मुकदमों में सार्वजनिक रूप से टिप्पणी कर वर्ग संघर्ष कराने जैसी स्थिति न उत्पन्न कर पाए,जनपद में तैनात सबर्ण अधिकारी और कर्मचारियों को पीड़ित करने की दृष्टि से लंबित कार्यवाहियों को त्वरित गति से निश्तारित करते हुए सरकार के प्रति पूर्ण मनोयोग से कार्य करने हेतु मनोबल प्रदान किया जाए, जनपद में स्थापित कंपनियों के सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटीठ फंड को अन्य समुदाय के साथ-साथ गरीब सबर्ण परिवार के बच्चों के शिक्षा,स्वास्थ्य,संस्कार, स्वावलंबन,पर भी खर्च किया जाए, जनपद में शासन व जिला प्रशासन के सहयोग से लगने वाले मेडिकल तथा लाभार्थी परक कैंपों को सर्वजन हिताय की दृष्टि से बिना भेदभाव किये हर गांव में लगाए जाएं जिससे कि अन्य सभी जाति के भगिनी वंन्धुओ के साथ-साथ गरीब सवर्ण समाज के भी लोगों को उसका लाभ मिल सके।

# शिक्षाप्रद रहा, हर एक रंगोली का उद्देश्य:चित्रा जालान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** दी आर्यन्स अकैडमी संत नगर रावटसगंज (मंगलवार) को स्कूल भवन में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय वस्तु उस घर में दिया क्या जलेगा जिस घर में दिया जलाने वाली के हाथ जला दिए जाते है और हमारी लड़कियों का यौन शोषण और बालात्कार जैसे जालान ने बताया कि बच्चों के द्वारा इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेने से समाज में एक अच्छा संदेश जाता है साथ ही साथ विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक विनोद कुमार जालान ने यह भी संदेश दिया कि जब हमारी लड़किया बिना भय और डर के अन्धकार से जब बाहर प्रकाश की ओर आए और लड़कियों के साथ हैवानियत बन्द हो तब सही



अपराध जैसे अन्धकार से जब हमारी लड़किया बिना भय और डर के अन्धकार से जब बाहर प्रकाश की ओर आए और लड़कियों के साथ हैवानियत बन्द हो तब सही मायने में दीपावली सही से मना सकेगें बच्चों ने 5-5 का ग्रुप बनाकर रंगोली बनाया जो बहुत ही शिक्षाप्रद रहा, हर एक रंगोली का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोग दीपक जलाएं और लड़कियों के साथ हैवानियत बन्द हो । छोटे छोटे बच्चों को राम सीता लक्ष्मण और हनुमान के वेशभूषा में दीपक जलवा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिससे यह दर्शित होता है कि राम सीता लक्ष्मण और हनुमान के साथ भगवान श्री राम अयोध्या वापस आए और दीपक जला कर पुनः अयोध्या में रामराज्य वापस आ गया प्रधानाचार्य चित्रा मायने में दीपावली सही से मना सकेगें । इस अवसर पर पंडित देवेश मिश्रा (देव जी) प्रख्यात ज्यातिषाचार्य श्री योगेश मिश्रा प्रवक्ता आदित्य बिड़ला कालेज उज्जैन आज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और विद्यालय के रंगोली थीम को काफी सराहा और अपने निर्णय में उन्होनें रानी लक्ष्मीबाई (ब्लू हाउस) को प्रथम स्थान दूसरा स्थान दो टीमों को घोषित किया जिनमें शिवाजी हाउस (रेड हाउस) और सावित्री बाई (यलो हाउस) और तीसरा स्थान सरोजिनी नायडू (ग्रीन हाउस) इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहें जिनमें श्रीमती सुषमा पाण्डेय, निशा चौबे, प्रतिमा चौबे, रोमा, पूजा यादव, नवीन कुमार पाण्डेय, उमाकांत दूबे, अजय, अश्वनी, योगेश, व अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे ।

# अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन जनपद गाजियाबाद में जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा न्यायालय कक्ष में 29 को अधिवक्ताओं से जनपद गाजियाबाद के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु मा0 उच्च न्यायालय से पत्राचार किया जाय। 2. जिला एवं सत्र न्यायालय गाजियाबाद न्यायालय कक्ष व हुये अधिवक्ता सुरक्षा हेतु उचित कार्यवाही सुनिस्चित की जाय। का ज्ञापन प्रेषित किया गया तथा संयुक्त अधिवक्ता सभा द्वारा सोनभद्र बार एसो. अध्यक्ष पूनम



किसी वाद में सुनवायी के दौरान में उपस्थित अधिवक्ताओं से जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा आपत्ति जनक भाषा का प्रयोग किया गया एवं पुलिस व पी.ए.सी. व आर.ए.एफ. फोर्स बुलाकर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज करवाया गया, पुलिस कुर्सी उठाकर निहत्थे वरिष्ठ अधिवक्ताओं को दोड़ा रहे थे एवं पुलिस लाठी चला रही थी। जिसमें अधिकांश अधिवक्ता चोटहिल हो गये। जिसमें विचारो परान्त हम अधिवक्ता संघ मा0 महोदय से निम्न मांग करते हैं- 1. जिला एवं सत्र न्यायाधीश परिसर में तैनात पुलिस, पी.ए.सी. व आर.ए.एफ. फोर्स द्वारा किए गए बर्वरता पूर्ण लाठी चार्ज की जांच सी.बी.आई. से करायी जाय। 3. अधिवक्ता की सुरक्षा हेतु एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू कराया जाय। 4. जनपद गाजियाबाद के घायल अधिवक्ताओं को इलाज हेतु 5-5 लाख रुपया आर्थिक सहायता दिलायी जाय। 5. जनपद गाजियाबाद के अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज मुकदमें वापस लिये जाय। से निवेदन है कि अधिवक्ता हितार्थ उपरोक्त मांग पूर्ण करते सिंह व डी. बा. एसो. अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एड. की अध्यक्षता व महामंत्री राजीव सिंह गौतम एड. व सलीम कुरैशी एड. के संचलन में परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें दिनेश दत्त पाठक, शारदा मौर्य, लालता पांडेय, संतोषॅ ग्रैंन्, अरुण मिश्रा, योगेश द्विवेदी, अखिलेश पांडेय, अनुज अवस्थी, आशीष शुक्ला, त्रिपुरारि मिश्रा, प्रदीप सिंह, भानु चौहान, मुनिराज शाह, अरुण सिंघल ,संजय सिंह, अनूप पांडे, शक्ति शेन प्रसाद, आशुतोष डूबे, आदि रहें।


# अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज का आदेश निंदनीय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** गाजियाबाद में जिला जज अनिल कुमार के आदेश पर मुकदमे की सुनवाई के दौरान पुलिस



द्वारा अधिकताओं पर लाठी चार्ज की घटना की संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश में घोर निंदा की है । महासंघ के प्रदेश राकेश शरण मिश्र ने लाठी चार्ज की घटना को गंभीरता से लेते हुए उच्चतम न्यायालय एवम उच्च न्यायालय से दोषी जिला जज पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। श्री मिश्र ने बयान जारी करते हुए कहा है कि जब कानून का रक्षक ही भक्षक बन जाए तो ऐसे में संविधान और कानून की रक्षा कैसे हो सकती हैं।श्री मिश्र ने लाठी चार्ज की घटना को बहुत ही दुखद घटना और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है । उन्होने बताया है कि गाजियाबाद के जिला जज अनिल कुमार ने मुकदमे की सुनवाई के दौरान क्रोधित होकर पुलिस को अधिकताओं पर लाठी चार्ज का आदेश दिया जिसके कारण दर्जनों वरिष्ठ और युवा अधिवक्ताओं को गंभीर चोटे आई है। किसी अधिवक्ता का सर फूटा है तो किसी के हाथ पैर में चोट आई है जो बहुत ही पीड़ादायक है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्रा ने कहा है की अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करना कानून और संविधान पर हमला करने के बराबर है और एक न्यायिक अधिकारी जब खुद इस तरह की घटना को कारीत करने का आदेश देगा होगा तो ऐसे में कानून की रक्षा कैसे हो सकती है इसलिए इस घटना में संलिप्त और लाठीचार्ज का आदेश देने वाले जिला जज अनिल कुमार के विरुद्ध माननीय उच्चतम न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय सहित बर काउंसिल आफ इंडिया और बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को घटना का संज्ञान लेकर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त अधिवक्ता महासंघ इस घटना की कड़ी निंदा करता है और घटना में घायल अधिकताओं के समुचित इलाज की मांग उत्तर प्रदेश की योगी सरकार से करता है और यदि दोषी जिला जज के विरुद्ध जल्द से जल्द दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश सहित प्रदेश भर के अधिवक्ताओं को मजबूर होकर आंदोलन करना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

# स्पोर्ट्स



## एआईएफएफ ने जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए एएफसी 'प्रेसिडेंट रेकग्निशन अवार्ड' जीता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एआईएफएफ ने पिछले साल दोहा में आयोजित एएफसी वार्षिक पुरस्कारों में कांस्य पदक हासिल किया था। एएफसी के ग्रासरूट चार्टर (जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के संबंध में) के तहत एआईएफएफ को रजत स्तर की सदस्यता से नवाजा गया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को मंगलवार को सियोल में एएफसी (एशियाई फुटबॉल महासंघ) वार्षिक पुरस्कारों के दौरान जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित 'प्रेसिडेंट रेकग्निशन अवार्ड' में रजत पदक से सम्मानित किया गया। एआईएफएफ ने पिछले साल दोहा में आयोजित एएफसी वार्षिक पुरस्कारों में कांस्य पदक हासिल किया था। एएफसी के ग्रासरूट चार्टर (जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के संबंध में) के तहत एआईएफएफ को रजत स्तर की सदस्यता से नवाजा गया है।



## अंतिम टेस्ट से पहले टीम इंडिया से जुड़ेगा ये घातक गेंदबाज रोहित दे सकते हैं डेब्यू का मौका

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के एक सूत्र ने हर्षित राणा के टीम में शामिल होने की जानकारी दी। सूत्र ने कहा- हर्षित कल (बुधवार) तेज गेंदबाज वानखेड़े स्टेडियम में मैच शुरू होने से दो दिन पहले बुधवार को मुंबई में भारतीय टीम में शामिल होंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी राणा) टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं। वह एक सकारात्मक रवैये वाला खिलाड़ी हैं। उसे मैच की परिस्थितियों की अच्छी समझ है और वह शीर्ष स्तर पर



टीम में शामिल होंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच जारी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का अंतिम मुकाबला एक नवंबर से वानखेड़े में खेला जाएगा। भारत पहले ही इस सीरीज में 0-2 से पिछड़ चुका है। अब खबर आई है कि तेज गेंदबाज हर्षित राणा को आखिरी टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है। हालांकि, अब तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसकी पुष्टि नहीं की है। दो दिन पहले टीम से जुड़ेंगे राणा बीसीसीआई के एक सूत्र ने हर्षित राणा के टीम में शामिल होने की जानकारी दी। सूत्र ने कहा- ठहर्षित कल (बुधवार) टीम में शामिल होंगे। रिजर्व के तौर पर होगी या टीम के सदस्य के तौर पर।मालूम हो कि, 22 वर्षीय गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया में 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पांच टेस्ट मैचों के लिए मुख्य टीम में चुना गया है। भारतीय टीम प्रबंधन ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले तेज गेंदबाजों के कार्यभार पर सावधानीपूर्वक नजर रख रहा है, ऐसे में संभावना है कि जसप्रीत बुमराह को तीसरे टेस्ट से आराम दिया जा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो राणा के डेब्यू की संभावना बढ़ जाएंगी। दिल्ली की जीत में निभाई अहम भूमिका बीसीसीआई के पूर्व चयनकर्ता सरनदीप ने पीटीआई से कहा, वह (हर्षित चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। उसने दिल्ली के लिए जी जान से गेंदबाजी की और वह हमेशा विकेट की तलाश में रहता है। उसके पास बल्लेबाजी करने की भी क्षमता है। उसमें लंबे स्पेल डालने की क्षमता है। मुझे उम्मीद है कि वह ऑस्ट्रेलिया में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करेगा। बता दें कि, रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में दिल्ली की पहली जीत में युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने अहम भूमिका निभाई थी। राणा ने असम के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट लिए थे और इसके बाद दूसरी पारी में दो विकेट लिए। दिल्ली ने यह मुकाबला 10 विकेट से जीता था।

## एटीपी फाइनल्स टूर्नामेंट में बोपन्ना-एब्डेन ने जगह बनाई, ये जोड़ियां भी लेंगी हिस्सा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तूरीन में होने टूर्नामेंट में बोपन्ना और एब्डेन के अलावा वेस्ली कूलहोफ और निकोला



निकोला मैकटिक, केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज, हैरी हेलियोवारा और हेनरी पेटेन, मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविच, मार्सेल ग्रेनोलर्स और होरासियो जेबालोस, साइमन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी और मैक्स पुर्सेल और जोर्डन थॉम्पसन की पुरुष युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। भारत के स्टार रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सत्रांत होने वाले प्रतिष्ठित एटीपी टेनिस फाइनल्स में जगह बना ली है। नथानील लेमोंस और जैकसन विथ्रो की जोड़ी के पेरिस मास्टर्स से बाहर होने के साथ बोपन्ना और एब्डेन ने टूर्नामेंट में जगह बना ली। तूरीन में होने टूर्नामेंट में बोपन्ना और एब्डेन के अलावा वेस्ली कूलहोफ और निकोला निकोला मैकटिक, केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज, हैरी हेलियोवारा और हेनरी पेटेन, मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविच, मार्सेल ग्रेनोलर्स और होरासियो जेबालोस, साइमन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी और मैक्स पुर्सेल और जोर्डन थॉम्पसन की पुरुष युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी।एटीपी फाइनल्स का आयोजन इनाल्पी एरेना में 10 से 17 नवंबर तक होगा जिसमें दुनिया की सिर्फ शीर्ष आठ जोड़ियां हिस्सा लेंगी। बोपन्ना और एब्डेन ने सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी इस दौरान 43 साल 331 दिन की उम्र में दुनिया का नंबर एक बनने वाला सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बना। बोपन्ना और एब्डेन ने इसके बाद मियामी ओपन का भी खिताब जीता। भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी ने इसके अलावा एडीलेड में फाइनल और रोलां गैरो में सेमीफाइनल में भी जगह बनाई।बोपन्ना और एब्डेन ने लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालिफाई किया। ये दोनों 2023 में तूरीन में सेमीफाइनल में पहुंचे थे जहां उन्हें ग्रेनोलर्स और जेबालोस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। बोपन्ना की नजरें अपने पहले एटीपी फाइनल्स खिताब पर टिकी हैं। वह इससे पहले 2012 में महेश भूपति और 2015 में फ्लोरिन मर्जिया के साथ मिलकर फाइनल में जगह बना चुके हैं। उन्होंने सबसे पहले 2011 में ऐसा उल हक कुरैशी के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट में जगह बनाई थी।

## रोड्री ने जीता बैलोन डी'ओर का खिताब, रियल मैड्रिड ने समारोह का बहिष्कार किया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 28 वर्षीय रोड्री ने प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में सिटी को आर्सेनल से जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा यूरो 2024 में उन्हें प्लेयर क्लब ने घोषणा की कि उसका प्रतिनिधिमंडल चैटलेट थिएटर में समारोह में भाग नहीं लेगा क्योंकि इसे विनिसियस के बहिष्कार के रूप में देखा जाएगा। 28 वर्षीय रोड्री ने प्रीमियर लीग के पिछले सीजन प्रतियोगिताओं में 39 मैचों में 24 गोल किए और 11 असिस्ट किए। विनिसियस की मदद से क्लब ने तीन खिताब जीते थे। रियल मैड्रिड ने एएफपी से कहा, 'अगर पुरस्कार मानदंड विजेता के रूप में



ऑफ द टूर्नामेंट नामित किया गया था। मैनचेस्टर सिटी और स्पेन के मिडफील्डर रोड्री को लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब और यूरो 2024 जीतने के बाद सोमवार को पुरुषों के बैलन डी'ओर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हालांकि, रियल मैड्रिड फुटबॉल क्लब ने समारोह का बहिष्कार किया। रोड्री को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए पुरस्कार देने का फैसला आश्चर्यजनक के रूप में आया। रियल मैड्रिड के लीगा और चैंपियंस लीग डबल विजेता विनिसियस जूनियर को व्यापक रूप से पसंदीदा के रूप में देखा गया था। पेरिस में समारोह से कुछ घंटे पहले, स्पेनिश में सिटी को आर्सेनल से जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा यूरो 2024 में उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नामित किया गया था। जर्मनी में खेले गए यूरो कप में स्पेन ने खिताब जीता था। इससे पहले समारोह से कुछ घंटे पहले ही ड्रामा शुरू हो गया जब स्पेनिश और यूरोपीय चैंपियन रियल ने कहा कि अगर विनिशियस विजेता नहीं होते हैं तो यह पुरस्कार उनके साथी दानी कार्वाजल को दिया जाना चाहिए।ब्राजील के कार्वाजल ने वेम्बले में चैंपियंस लीग फाइनल में बोरुसिया डॉर्टमंड के खिलाफ 2-0 की जीत में गोल किया था। विनिसियस ने मैड्रिड के लिए सभी विनिसियस को नहीं चुनता है, तो उन्हीं मानदंडों को कार्वाजल को विजेता के रूप में इंगित करना चाहिए।मैड्रिड के नामांकितों में किलियन एमबाप्पे, एंटोनियो रुडिगर, फेडे वाल्वरडे और जूड बेलिंघम भी शामिल थे। बैलोन डी'ओर के विजेता को 100 विशेषज्ञ पत्रकारों की एक अंतरराष्ट्रीय जूरी द्वारा शॉर्टलिस्ट से चुना जाता है। वहीं, मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला ने रोड्री को सर्वश्रेष्ठ के रूप में वर्णित किया है। उनके गोल ने सिटी को 2023 में अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब दिलाया था, लेकिन उन्होंने स्पेन के लिए महत्वपूर्ण गोल भी किए।

## फाइनल तक नहीं पहुंचने का दुख लेकिन कांस्य जीतने की खुशी', जूनियर हॉकी टीम के कप्तान का बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत पूरे टूर्नामेंट में अंकों के आधार पर शीर्ष पर रहा लेकिन आस्ट्रेलिया से 0-4 से हार के बाद गोल औसत में ब्रिटेन से फोकस करने का फैसला किया और खुद से वादा किया कि हम खाली हाथ नहीं लौट सकते।' भारत पूरे टूर्नामेंट में अंकों के आधार पर शीर्ष पर रहा लेकिन आस्ट्रेलिया से 0-4



एक गोल से पिछड़कर फाइनल में जगह नहीं बना सका। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली ने स्वीकार किया कि सुल्तान जोहोर कप के फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाने से वह दुखी हैं लेकिन कहा कि खाली हाथ लौटने से कांस्य पदक काफी अच्छा है। भारत ने तीसरे और चौथे स्थान के मुकाबले में न्यूजीलैंड को शूटआउट में हराकर मलेशिया के जोहोर बाहरू में हुए जूनियर टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। अली ने कहा, 'गोल औसत के आधार पर फाइनल से बाहर रहने का हमें दुख है, लेकिन एक टीम के रूप में हमने तय किया कि पीछे मुड़कर देखने का कोई फायदा नहीं है। हमने कांस्य पदक के मुकाबले पर से हार के बाद गोल औसत में ब्रिटेन से एक गोल से पिछड़कर फाइनल में जगह नहीं बना सका।जूनियर टीम के कोच के तौर पर महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश का यह पहला टूर्नामेंट था। अली ने कहा, 'हमें श्री भाई ( श्रीजेश) से बेहतर मेंटोर नहीं मिल सकता था। वह लगातार हमसे कहते रहे कि मैचों का मजा लो और हमने दबाव लिये बिना खेला। हमने गोल गंवाने के बाद वापसी की और वे मैच जीते भी।' अब भारतीय जूनियर टीम की नजरें जूनियर एशिया कप खिताब जीतने पर लगी है जो अगले साल होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। जूनियर एशिया कप 26 नवंबर से ओमान में खेला जाएगा।

## सनराइजर्स के इस स्टार को खरीदने के लिए बेताब हैं एमआई और सीएसके हाल ही में कीवियों के खिलाफ किया था कमाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने फ्रेंचाइजियों को अधिकतम छह खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति दी है। एसआरएच सिर्फ तीन रिटेंशन के साथ नीलामी में जाने के लिए उत्सुक भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर अगले महीने सऊदी अरब के रियाद में होने वाली आईपीएल की नीलामी में उतर सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुए दूसरे टेस्ट में 11 विकेट लेने वाले सुंदर को आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले उनकी फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) द्वारा बरकरार रखने की संभावना नहीं है। टाइम्स ऑफ इंडिया (टीओआई) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस सुंदर को खरीदने की इच्छुक है। सूत्र ने कहा, 'सुंदर नीलामी पूल में जाने को लेकर उत्सुक हैं। फिलहाल, कम से कम तीन टीमों मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स ने उनमें काफी दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि, वह सनराइजर्स हैदराबाद की रिटेंशन सूची में नहीं होंगे, लेकिन एसआरएच आरटीएम (राइट टू मैच) कार्ड का उपयोग करके आईपीएल नीलामी में सुंदर को बरकरार रख सकता है।' हालांकि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने फ्रेंचाइजियों को अधिकतम छह खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति दी है। एसआरएच सिर्फ तीन रिटेंशन के साथ नीलामी में जाने के लिए उत्सुक है। ऐंप् आईपीएल 2025 की नीलामी से पहले हेनरिक क्लासेन को अपने पहले रिटेंशन के रूप में नामित कर सकता है। इस स्थिति में क्लासेन को पहले रिटेन किए गए खिलाड़ी के रूप में 23 करोड़ (लगभग 2.74 मिलियन) प्राप्त होंगे।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।


मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## बाबर को दिखाना होगा कि उनका मिजाज विवियन रिचर्ड्स की तरह है रमीज राजा का अजीबोगरीब बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बाबर टेस्ट में खराब दौर से गुजर रहे हैं। अपनी पिछली नौ टेस्ट और 17 पारियों में उन्होंने 20.71 की औसत से सिर्फ 352 में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, बस उन्हें अपने स्वभाव के जरिये दुनिया को दिखाने की जरूरत है कि वह वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज विवियन रिचर्ड्स की तरह हैं। रमीज



रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 41 है। ओवरऑल बाबर ने 55 टेस्ट मैचों में 43.92 की औसत से 3,997 रन बनाए हैं, जिसमें नौ शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 196 है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने बाबर आजम का समर्थन किया है। रमीज ने कहा है कि बाबर टेस्ट क्रिकेट अपने यूट्यूब चैनल पर बयान दे रहे थे। बाबर को खराब प्रदर्शन और पहले मुल्तान टेस्ट में हार के बाद इंग्लैंड के खिलाफ बाकी दो टेस्ट मैचों से हटा दिया गया था। रमीज ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मुझे लगता है कि बाबर को टेस्ट क्रिकेट में बहुत कुछ हासिल करना है। वह सफेद गेंद के प्रारूप को वास्तव में अच्छी तरह से खेलते हैं। दोनों प्रारूपों (टी20 और वनडे) में उनका औसत 50 से अधिक है। बाबर आजम में बहुत क्षमता है। अब उनको अपने स्वभाव से बताना है दुनिया के वो विव रिचर्ड्स हैं। मुकाबला जितना बड़ा होता था, रिचर्ड्स उतनी बड़ी पारी खेला करते थे।' बाबर टेस्ट में खराब दौर से गुजर रहे हैं। अपनी पिछली नौ टेस्ट और 17 पारियों में उन्होंने 20.71 की औसत से सिर्फ 352 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 41 है। ओवरऑल बाबर ने 55 टेस्ट मैचों में 43.92 की औसत से 3,997 रन बनाए हैं, जिसमें नौ शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 196 है। वहीं, रिचर्ड्स को क्रिकेट खेलने वाले सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। 121 टेस्ट और 182 पारियों में उन्होंने 50.23 की औसत से 8,540 रन बनाए, जिसमें 24 शतक और 45 अर्धशतक और 291 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। पाकिस्तान ने चार नवंबर से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के सफेद गेंद की सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीमों की घोषणा की, जिसमें स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को जिम्बाब्वे दौरे से आराम दिया गया, लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया में खेलते दिखेंगे। ऑस्ट्रेलिया में सफेद गेंद की सीरीज 4 नवंबर से वनडे मैचों के साथ शुरू होगी और इसमें तीन वनडे और टी20 शामिल होंगे। पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार से 10 नवंबर तक तीन वनडे और 14 से 18 नवंबर तक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। जिम्बाब्वे दौरा 24 नवंबर से शुरू होगा, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच पांच दिसंबर को समाप्त होंगे। सभी मैच बुलावायो में होंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे टीमः आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (कप्तान और विकेटकीपर), मोहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सैम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी।



## सम्पादकीय

# जलती रहे दीये की लौ, इसमें अपनी संस्कृति के लिए ऊर्जा के दर्शन

अंधेरे से लड़ने के लिए एक जलता हुआ दीया काफी है। दीये की लौ को गौर से देखें, इसमें हमें अपनी संस्कृति के लिए ऊर्जा दिखाई देती है। इसलिए इस पर्व में हमें एक दीप तो अवश्य जलाना चाहिए। कार्तिक कृष्ण अमावस्या को दीपावली का महोत्सव पूरे संसार में मनाया जाता है। लक्ष्मी उपासक और हिंदू समाज के लोग विश्व में कहीं भी रहें, दीपावली के शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी पूजन अवश्य करते हैं। निर्बल-सा दिखने वाला छोटा-सा मिट्टी का दीया जब प्रकाशमान होता है तो उसके रूप-रंग की अहमियत समाप्त हो जाती है, क्योंकि दीये की बाती सिर उठाकर चहुंओर प्रकाश की सौगात बांटने लगती है। कार्तिक मास के पर्वों की श्रृंखला में पंचदिवसीय दीपमालिका पर्व जहां भारतीय संस्कृति के रहस्यों को छिपाए हुए है, वहीं समाज को प्रति वर्ष नई चेतना, नया संदेश, नव स्फूर्ति, नवीनतम शक्ति के लिए प्रेरित करता है। कार्तिक मास की अमावस्या का अंधकार 12 अमावस्याओं में सर्वाधिक सघनतम होता है, इसलिए इस अंधियारी रात में दीपक का प्रकाश महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यूं तो दीपक का प्रकाश सदियों से मनुष्य को राह दिखाता आ रहा है। दीपावली की अंधियारी रात्रि में यही नन्हा दीपक लक्ष्मी को राह दिखाने वाला माना जाता है, जिसके चलते लक्ष्मी का आगमन पृथ्वी लोक पर मनुष्य के घर में होता है। कर्म और भाग्य की अनूठी जुगलबंदी दीपावली पर देखने को मिलती है। दीपावली के दिन सूर्य तेजहीन, चंद्रमा ज्योतिविहीन हो जाता है। यह कार्तिक कृष्ण अमावस्या की अंधेरी रात का भाग्य है, लेकिन मनुष्य को परमात्मा ने कर्म करने की स्वतंत्रता दी है, जिसके कारण अनादिकाल से दीपावली की रात्रि में दीपमालाओं द्वारा कर्म कर उजाला किया जाता है, जो अपने आपमें नियति को टक्कर देने के लिए पर्याप्त है। शुभ मुहूर्त देखकर सामूहिक रूप से दीपमाला की श्रृंखला में जब मनुष्य द्वारा एक ही समय में असंख्य संख्या में छोटे-छोटे दीये जलाए जाते हैं तो ये नियति को टक्कर देने के लिए तैयार हो जाते हैं।कार्तिक मास की अमावस्या को सूर्य अपनी नीच तुला राशि में होने के कारण मंद पड़ जाता है और चंद्रमा, सूर्य के साथ अस्त हो जाता है। इस प्रकार सूर्य और चंद्र की इन विशेष अवस्थाओं में एकमात्र दीये की लौ का प्रकाश ही सहायक सिद्ध होता है। सूर्य और चंद्रमा के प्रकाश के बाद दीपक की लौ ही अग्नि का तीसरा स्वरूप है, जो पृथ्वी पर जीवनी शक्ति को आकर्षित करती है। दीये की ज्योति अग्नि का सबसे लघु स्रोत है, मनुष्य द्वारा पृथ्वी पर दीप प्रज्वलन की सामूहिक परंपरा के कारण सूनी राहों पर, अंधेरे आंगन में, प्रत्येक उपेक्षित कोने में भी दीप रखकर उस जगह को प्रकाशमान किया जाता है। धन लक्ष्मी की संकल्पना, दीपमालाओं के प्रकाश से उसके स्वागत में श्रम और तप, दोनों का संयुक्त रहस्य छिपाए हुए है। दीपक श्रम का और जलती लौ तपस्या का प्रतीक है। अंधेरी रात में जलते हुए दीपक की लौ सूर्य का प्रति रूप बनकर प्रत्येक व्यक्ति को कर्मण्यता और जागरूकता का संदेश देती है। दीपक की लौ की कंपन वातावरण में व्याप्त नकारात्मकता को समाप्त करती है। दीपक की लौ दीपावली पर अंधेरे से लड़ने की शक्ति देती है। यह सृष्टि अंधेरे और उजाले की संयुक्त संतान है। दीपक की रोशनी अंधेरे को नष्ट नहीं करती, बल्कि उसी को उजाले में बदल देती है। मान्यताओं के अनुसार, वास्तव में अंधेरा दीपकों के प्रकाश से डरकर पृथ्वी छोड़कर पाताल में चला जाता है। सूर्य, चंद्र और पृथ्वी की ब्रह्मांड में एक निश्चित स्थिति बनने पर तीनों ही अपने आपमें एक विशेष प्रभाव उत्सर्गित करते हैं, इसलिए आकाशीय ग्रह पिंडों का दीपावली महापर्व पर विशेष योगदान रहता है। सूर्य, चंद्र और पृथ्वी, इन तीनों पिंडों की ब्रह्मांडीय ऊर्जा लक्ष्मी को पृथ्वी लोक पर आने के लिए आकर्षित करती है। इसी वैज्ञानिक तत्व को लेकर दीपावली के दिन लक्ष्मी जी की उपासना में अग्नि की प्रधानता रखी गई है। सूर्य मनुष्य की आत्मा है और चंद्रमा मनुष्य का मन, जब कार्तिक अमावस्या के दिन आत्मा (सूर्य) के साथ-साथ मन (चंद्रमा) भी तुला राशि में प्रवेश करता है तो आत्मा और मन का तुला राशि में मिलन ही उत्सवधर्मिता का चरम है। आत्मा और मन के मिलन के साथ कार्तिक अमावस्या का योग इस दिन को दीपावली का रूप प्रदान करता है। ऋतु के अनुसार पर्व मौसम के हिसाब से पर्व मनाए जाते हैं। इन पर्वों के पीछे न केवल आध्यात्मिक, बल्कि वैज्ञानिक कारण भी हैं। कार्तिक अमावस्या तक प्रायः वर्षा ऋतु समाप्त हो जाती है। चातुर्मास में वर्षाकालीन रोगजन्य कीटाणुओं का प्राबल्य होता है। मेघाच्छन्न आकाश, सूर्य तेज की अल्पता, जल की बहुलता, वातावरण की आर्द्रता रोगजन्य कीटाणुओं को जन्म देती है। ऋतुकालीन ज्वर का प्राबल्य होता है। ऐसे में अग्नि ज्योति की आवश्यकता होती है।



# एक-दूजे की जड़ें काटने वाले सहयोगी, खटपट कभी खत्म नहीं होने वाली

कोई भी राजनीतिक गठबंधन हो, उसमें कुछ न कुछ खींचतान बनी ही रहती है। यह खींचतान तब और बढ़ जाती है, जब चुनाव आ जाते हैं। इन दिनों महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों के चलते पक्ष-विपक्ष के गठबंधनों के बीच आपसी खींचतान देखने को मिल रही है, लेकिन यह स्पष्ट ही है कि एनडीए के मुकाबले विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए में वह कुछ ज्यादा ही है। इसका कारण यह है कि जहां भाजपा के सहयोगी दल उसकी राजनीतिक जमीन पर कब्जा करके नहीं उभरे, वहीं कांग्रेस के सहयोगी दल उसके ही वोट बैंक में सेंध लगाकर मजबूत हुए हैं। इसी कारण उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में भी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच खींचतान हुई। दोनों में विधानसभा की नौ सीटों के उपचुनावों के लिए भी सहमति कायम नहीं हो सकी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस को नौ में से केवल दो सीट देने की पेशकश की। ये भी वे सीटें थीं, जहां से कांग्रेस के जीतने की संभावना स्याह थी। जोखिम देखकर कांग्रेस ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया, क्योंकि यदि वह ये सीटें हार जाती तो भविष्य में अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने का उसका दावा कमजोर हो जाता। कांग्रेस ने सपा की पेशकश ठुकराते हुए यह दिखाया कि वह गठबंधन की एकजुटता के लिए त्याग कर रही है। कांग्रेस ने त्याग नहीं किया, बल्कि मजबूरी में उपचुनाव लड़ने से मना किया, यह अखिलेश यादव के इस बयान से स्पष्ट हो गया कि राजनीति में कोई त्याग नहीं करता। उन्होंने यह बयान महाराष्ट्र में पांच सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा ठोकते हुए किया। सपा ने चेताया है कि यदि उसे महाविकास आघाड़ी ने पांच सीटें नहीं दीं तो वह 25 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार देगी। वह ऐसा कर भी सकती है, क्योंकि मध्य प्रदेश में जब कांग्रेस ने उसे एक अकेली सीट भी नहीं दी थी तो उसने अपने 22 प्रत्याशी उतार दिए थे। कांग्रेस ने हरियाणा में भी सपा को कोई सीट नहीं दी थी। हरियाणा में वह आम आदमी पार्टी से मिलकर चुनाव लड़ने के संकेत देकर पीछे हट गई थी। इसका उसे नुकसान अवश्य हुआ, लेकिन उसका यह फैसला उचित ही था, क्योंकि यदि वह आप से समझौता करती तो वह उसे हरियाणा में अपने वोट बैंक में सेंध लगाने का ही मौका देती। कांग्रेस ने ऐसा करके ही एक के बाद एक राज्यों में अपनी राजनीतिक जमीन खोई है और आज उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई ऐसे राज्यों में तीसरे-चौथे नंबर का दल बनकर रह गई है, जहां कभी वह प्रमुख दल हुआ करती थी। यह कहना-मानना निरा झूठ है कि सपा, राजद, जदयू, झामुमो, राकांपा, शिवसेना-यूबीटी, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी आदि जो अनेक दल आइएनडीआइए का हिस्सा हैं, वे कांग्रेस के स्वाभाविक सहयोगी हैं। ये सभी दल कांग्रेस विरोध की पैदाइश हैं और वस्तुतः एक-दूजे के स्वाभाविक विरोधी हैं। संविधान और आरक्षण बचाने का थोथा नारा लगाकर वे स्वाभाविक विरोध के इस सच को छिपा नहीं सकते। सहयोगी दलों ने कांग्रेस के कोर वोट बैंक को हड़पकर ही अपना अस्तित्व बनाया है। ये नहीं चाहेंगे कि उनके सहयोग-समर्थन से कांग्रेस फिर से मजबूत हो। सपा के दृष्टिकोण से देखें तो उसने यूपी उपचुनाव में कांग्रेस को महत्व न देकर ठीक ही किया। यूपी में कांग्रेस तभी मजबूत हो सकती है, जब सपा का कुछ वोट बैंक उसके हिस्से में आए। आखिर ऐसे में सपा यह क्यों चाहेगी कि कांग्रेस फिर सशक्त हो। वह यह अच्छे से जानती है कि उसने अपनी राजनीतिक जमीन कांग्रेस के कोर वोट बैंक पर कब्जा करके ही बनाई है। यदि कांग्रेस की भागीदारी वाला महाविकास आघाड़ी सपा को कोई सीट देने के लिए तैयार नहीं तो उसके नजरिये से यह उचित ही है। जब कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना-यूबीटी को एक-दूसरे से सामंजस्य बैठाने में पहले से ही अपनी राजनीतिक जमीन पर सिमटना पड़ रहा है, तब फिर उन्हें एक और नया साझेदार बनाकर अपनी समस्या क्यों बढ़ानी चाहिए यदि कांग्रेस यह चाह रही है कि वह अपने सहयोगी दलों से अपना वोट बैंक छीने और यदि फिलहाल यह न कर सके तो कम से कम उनके विस्तार को रोके तो यह गलत नहीं है। कांग्रेस ने पिछले विधानसभा चुनाव में गुजरात में आप से समझौता कर राजनीतिक आत्मघात ही किया था। उसने हरियाणा में आप को भाव न देकर गुजरात वाली गलती को ठीक करने का ही काम किया। इस पर भी हैरानी नहीं कि झारखंड में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आपस में सीटें बांट लीं और राजद को ठेंगा दिखा दिया। ऐसा करके इन दोनों दलों ने कोई गलत काम नहीं किया, क्योंकि एक तो राजद की झारखंड में कोई राजनीतिक हैसियत नहीं और दूसरे, वह यहां कांग्रेस एवं झामुमो के वोट बैंक में ही सेंध लगाता। अब यह तय सा है कि जब बिहार विधानसभा के चुनाव होंगे तो राजद इसका बदला लेगा और कांग्रेस को कम से कम सीटें देगा। वैसे भी वह पिछली बार उसे 70 सीटें देकर अब तक पछता रहा है। राजद यह भी जानता है कि कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने का मतलब होगा, उसे अपने वोट बैंक में साझेदार बनाना और फिर से मजबूत होने का मौका देना। यदि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल एक-दूसरे की जड़ें काटने की ताक में रहते हैं तो यह आइएनडीआइए की प्रकृति के कारण। एक दूसरे को हाशिये पर ठेलना इस गठबंधन के घटकों की नियति है। जो दल इसकी कोशिश नहीं करेगा, वह अपने लिए खतरा ही पैदा करेगा। इस गठबंधन के घटकों में यदि कोई साझा तत्व है तो वह है एक-दूसरे की राजनीतिक जमीन पर कब्जा करना।



# दांव पर अमेरिकी लोकतंत्र की प्रतिष्ठा, अंतिम पड़ाव पर राष्ट्रपति चुनाव

अमेरिकी इतिहास का सबसे तल्खी भरा राष्ट्रपति चुनाव अपने अंतिम पड़ाव पर आ पहुंचा है। शायद पहली बार ऐसा हो रहा है कि एक पूर्व राष्ट्रपति का मुकाबला चुनावी प्रक्रिया के बीचोबीच प्रतिद्वंद्वी पार्टी की बदली हुई प्रत्याशी के साथ हो रहा है। रिपब्लिकन पार्टी के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप और मौजूदा उपराष्ट्रपति एवं डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस के बीच चुनावी समीकरण इतने उलझ गए हैं कि बड़े से बड़े राजनीतिक पंडित भी किसी भविष्यवाणी से परहेज कर रहे हैं। ताजा ओपिनियन पोल्स भी कांटे की टक्कर बता रहे हैं। दोनों पक्ष अपना पूरा दम लगा रहे हैं। पूरे विश्व की नजरें इस चुनाव पर लगी हुई हैं, क्योंकि इस समय दुनिया जिस प्रकार की अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, उस लिहाज से इस चुनाव की अहमियत और बढ़ गई है। अमेरिका का यह चुनाव परिणाम वैश्विक ढांचे को व्यापक स्तर पर प्रभावित करने जा रहा है इस बार के राष्ट्रपति चुनाव पिछले चुनावों से कई मामलों में अलग दिखाई दे रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण तो यही है कि दोनों में से कोई भी उम्मीदवार ऐसा कोई केंद्रीय-विचार सामने नहीं रख पाया, जिसकी धुरी पर चुनाव चलता। सामान्य तौर पर किसी भी चुनाव में कोई खास मुद्दा ही मतदाताओं को सबसे अधिक प्रभावित करता है, लेकिन इसके उलट अमेरिकी चुनाव में बड़े पैमाने पर ध्रुवीकरण देखा जा रहा है। वैसे तो अमेरिकी समाज पिछले कुछ समय से ध्रुवीकृत होता जा रहा है, लेकिन जितना सामाजिक, राजनीतिक एवं लैंगिक ध्रुवीकरण इस चुनाव में दिख रहा है, वह अप्रत्याशित है। इसका प्रभाव दोनों प्रत्याशियों की भाषा एवं भाव-भंगिमा पर भी पड़ रहा है, जिसमें नीतिगत मुद्दों से अधिक निजी हमलों का सहारा लिया जा रहा है। चूंकि चुनाव में कोई केंद्रीय मुद्दा नहीं है तो दोनों ही खेमे अपने-अपने मूल मुद्दों के सहारे नैया पार लगाने की कोशिश में हैं। इसके माध्यम से उनका यही प्रयास है कि अपने कोर वोटर्स को मतदान के लिए प्रोत्साहित एवं लामबंद किया जाए। जैसे डोनाल्ड ट्रंप का मुख्य मुद्दा आव्रजन से जुड़ा है। वह प्रवासियों को अमेरिकी सुरक्षा एवं स्थानीय लोगों के रोजगार के लिए खतरनाक बताकर उनसे निपटने की नीति बनाने की बात कर रहे हैं। उनका वादा है कि राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ा आव्रजन-विरोधी अभियान चलाया जाएगा। इसी तरह आर्थिक अनिश्चितताओं से जूझ रहे अमेरिका की इस कमजोरी को भी ट्रंप अपने चुनाव प्रचार अभियान की ताकत बनाने में लगे हैं। वह बाइडन-हैरिस प्रशासन की आर्थिक नाकामियों को उभारकर बेहतर आर्थिक परिदृश्य की तस्वीर दिखा रहे हैं। अमेरिकी मतदाताओं को उनके ये वादे कितने लुभावने लगते हैं, इसका पता भी जल्द ही लग जाएगा। दूसरी ओर हैरिस अपने अभियान में ट्रंप की ताकत को ही कमजोरी बताने की मुहिम में लगी हैं। असल में ट्रंप अपने व्यक्तित्व में जिस दृढ़ता और मजबूती का दावा करते हैं, हैरिस उनके उसी व्यक्तित्व को अनिश्चित एवं अस्थिर प्रकृति का बता रही हैं कि नीतिगत निरंतरता से लेकर स्थिरता के लिए ट्रंप का ऐसा चरित्र घातक सिद्ध होगा। अतीत में ट्रंप ने कुछ ऐसे अप्रत्याशित फैसले लिए हैं, उनका हवाला देकर और उनके भाषणों से भी हैरिस को इस मामले में विमर्श तैयार करने में कुछ मदद मिल रही है। इसके अलावा अश्वेत वर्ग से लेकर महिलाओं के तबके को साधने की भी हैरिस पुरजोर कोशिशें कर रही हैं। गर्भपात के मुद्दे को ही लें। महिलाएं इस मामले को लेकर बहुत संवेदनशील हैं, जबकि ट्रंप का रवैया इस मोर्चे पर लगातार बदलता रहा है। उनके शासन में गर्भपात कानून को लेकर संदेह बढ़ रहा है और डेमोक्रेट खेमा इसे अपने पक्ष में भुना रहा है। हाल में मिशेल ओबामा ने भी हैरिस के समर्थन में इस मुद्दे पर चर्चा की। प्रवासियों के मुद्दे पर भी डेमोक्रेट का रुख ट्रंप की तुलना में नरम है। यही कारण है कि दोनों पक्ष अपने कोर वोटर्स को साधने पर ही पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, क्योंकि वे भी ध्रुवीकरण के चलते मतदाताओं को दोफाड़ होता देख रहे हैं। यह चुनाव अमेरिका की लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। ऐसा मानने वाले लोगों की संख्या कम नहीं है, जो यह सोचते हैं कि प्रतिकूल चुनावी परिणाण आने पर ट्रंप शायद जनादेश को ही अस्वीकार कर दें। वह पहले भी ऐसा कर चुके हैं और अमेरिकी संसद-कैपिटल हिल पर उनके समर्थकों के उत्पात की स्मृतियां लोगों के जेहन में अभी तक बनी हुई हैं। यदि ऐसी कोई स्थिति बनती है तो अमेरिकी लोकतांत्रिक ढांचे पर सवालिया निशान लग जाएंगे। इससे पूरी दुनिया में यही संदेश जाएगा कि अमेरिका में लोकतांत्रिक ढांचे की बुनियाद दरक रही है। ट्रंप समर्थकों के ऐसे किसी संभावित कदम के दूरगामी दुष्प्रभाव देखे जाएंगे। पूरी दुनिया को लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थानों की गुणवत्ता पर उपदेश देने वाले अमेरिका के लिए असहजता की स्थिति बनेगी।





# भारतीय संस्कृति में गंगा जल अमृत तुल्य, हर बूंद में खुशियों की सौगात

अपार खूबियां समेटे गंगा जल कभी दूषित नहीं होता है, इसकी पुष्टि विभिन्न शोधों में हो चुकी है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गंगा के पानी में वातावरण से ऑक्सीजन सोखने की अद्भुत क्षमता है। साथ ही अन्य नदियों की अपेक्षा गंगा में गंदगी को नष्ट करने की क्षमता ज्यादा है। भारतीय संस्कृति में हर शुभ कार्य पर गंगा जल का उपयोग होता है। मां गंगा की निर्मल धारा से सहेजे गए गंगा जल की हर बूंद हमें अहसास कराती है कि इससे पवित्र जल नहीं होता है। साथ ही इसमें एक समावेशिता का भाव है। इस पवित्र जल में अपने स्पर्श से हर वस्तु को शुद्ध करने की शक्ति होती है। इसलिए दीपावली के पांच दिवसीय पर्व में भी गंगा जल का प्रमुखता से उपयोग होता है। गंगा जल का महत्व आदिकाल से चला आ रहा है। धार्मिक कथाओं में भी इसका जिक्र आता है अपार खूबियां समेटे गंगा जल कभी दूषित नहीं होता है, इसकी पुष्टि विभिन्न शोधों में हो चुकी है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गंगा के पानी में वातावरण से ऑक्सीजन सोखने की अद्भुत क्षमता है। साथ ही अन्य नदियों की अपेक्षा गंगा में गंदगी को नष्ट करने की क्षमता ज्यादा है। सैकड़ों वर्षों से घर में रखने के बाद भी गंगा जल खराब नहीं होता है। इसमें कीड़े नहीं पड़ते हैं। यह महकता नहीं है और शुद्ध रहता है, जबकि अन्य किसी नदी, कूप का जल कुछ ही दिन में ही खराब हो जाता है। मान्यता है कि गंगा के उद्गम से नदी के रूप में आने तक यह कई दुर्लभ जड़ी-बूटी वाले मार्गों से होकर गुजरती है। बूटियों के मिश्रण से जल इतना पवित्र हो जाता है कि इसमें बैक्ट्रिया पनपते ही नहीं, बल्कि मर जाते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन के बाद जिन स्थानों पर अमृत की बूंदें गिरीं, उनमें से गंगा ही एक ऐसी नदी है, जिसमें दो स्थानों पर अमृत की बूंद गिरी। एक प्रयागराज और दूसरा हरिद्वार। अमृत की बूंदें गिरने के कारण गंगा जल को अमृत तुल्य माना जाता है। गंगा स्वर्ग की नदी भी मानी जाती है। स्वर्ग से निकलने के बाद शिव जी ने जटाओं में धारण किया, फिर जटाओं से निकलकर गंगा पृथ्वी लोक पर आईं। इसलिए गंगा स्वर्ग के समान सुखदायिनी हैं। यही कारण है कि गंगा जल से आचमन, गंगा जी में स्नान और उनके दर्शन स्वर्ग की अनुभूति कराते हैं।गंगा जल को घर में रखने के लिए ध्यान रखें कि इसे प्लास्टिक के किसी बर्तन में सहेजकर कभी न रखें। गंगा जल को पीतल, कांसे, तांबे अथवा चांदी के बर्तन में रखने से इसकी गुणवत्ता और महत्ता पूरी तरह बरकरार रहती है। गंगा जल को हमेशा पूजा स्थान पर रखना ही धार्मिक नियमों के अनुसार सही प्रक्रिया है।





# ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks

## FACILITIES

- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)

- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .

Ms. Riya Arora (Counsellor)

- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .



Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .

Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


## ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चों संग मनाई दीपावली

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नॉएडा।** सेक्टर 5 ऋषि चैरिटेबल ने मनाया बच्चों के साथ दीवाली उत्सव खिले नैनीहालो के चेहरे रंग बिरंगी आतिशबाजी देखकर बच्चों के चेहरे पर दीपों की भांति झिलमिलाहट चमक उठी सस्था की संस्थापक भारती नेगी ने बताया कि त्योहार का असली आनंद बच्चों की खुशी देखकर मिली! बच्चों को दिवाली उपहार के तौर पर सभी बच्चों को ट्रस्ट के सहयोग से सभी बच्चों को मिठाई का डिब्बा वितरण किया. एवं आदरणीय नीरज राठौर जी के पुत्र देव का जन्मदिन भी बच्चों के साथ केक काटकर मनाया गया! सभी बच्चों ने देव भाई को जन्मदिन की ढेर सारी बधाई दीं देव भाई ने सभी बच्चों का धन्यवाद किया! सभी बच्चों ने अपनी पाठशाला को रंग-बिरंगे रंगों से रंगोली बनाई!एवं सभी बच्चे बहुत मस्ती के साथ जमकर धमाल किया! संस्थापक भारती नेगी ने बच्चों को दिवाली के महत्व के बारे में बताया! साथ ही पटाखे सावधानी से चलने की हिदायत दी! गीत संगीत पर थिरकते हुए! बच्चों ने जमकर धमाल किया! इस अवसर पर भारती नेगी, जीएस नेगी, सैयद फहीम अहमद, नीरज राठौर जी, प्रीति,देव,रीना, आरती,ऋषि,आदि लोग उपस्थित रहे।




## एवियर एजूकेशन हब डिग्री कालेज में दीपोत्सव का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नॉएडा।** नोएडा एवियर एजुकेशनल हब डिग्री कॉलेज में दीपोत्सव 2024 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से फोक डांस प्रतियोगिता, स्किट प्रतियोगिता, और रंगोली प्रतियोगिता शामिल थीं। इस अवसर पर बीबीए और आई टी के बच्चों ने बेस्ट डिपार्टमेंट का पुरस्कार जीता। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। मैनेजिंग डायरेक्टर कनिका सिंह ने कहा कि इन आयोजनों ने विद्यार्थियों के भीतर सांस्कृतिक और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा दिया। दीपोत्सव 2024 का यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया और विद्यार्थियों में उत्साह एवं खुशी की लहर छाई रही। इस अवसर पर कॉलेज के कॉलेज के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ अश्मिंद्र सिंह, डॉ दीप्ति, डॉ ज्योति, रविता सिंह, दीपिका शर्मा, निशा, अंजलि हसवानी, आदि मौजूद थे।




## दहेज उत्पीड़न के आरोप में पति समेत चार पर मुकदमा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गाजीपुर।** नोनहरा थाना क्षेत्र में विवाहिता ने सोमवार को पति सहित चार पर दहेज उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया। विवाहिता मीरा ने तहरीर में बताया कि वर्ष 2022 के जून माह में उसकी शादी कासिमाबाद कोतवाली के कवलचट्टी निवासी सरवन कुमार से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसे आए दिन दहेज के लिए ससुराल वाले मारने- पीटने लगे। महिला परामर्श केंद्र में शिकायत के बाद दोनों पक्षों को समझा- बुझाकर विदाई करा दी गई। कुछ दिन बाद से फिर ससुरालियों ने उसे दहेज के लिए पीटना शुरू कर दिया। बीते 23 अक्तूबर पति सरवन कुमार, सास विमला देवी और ननद कुसुम देवी ने दहेज में बाइक और दो लाख नकद की मांग की। मना करने पर विवाहिता की पिटाई की। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्जकर छानबीन की जा रही है। संवाद



# बॉलीवुड/टेली मसाला





## चिंता को अपना दोस्त बना लो', विक्की कौशल ने एंग्जायटी से निपटने के बारे में की खुलकर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विक्की कौशल ने बताया कि वह फिल्म निर्देशन में हाथ आजमाने के लिए उत्सुक हैं।इसके अलावा उन्होंने एंग्जायटी से डील करने के बारे में भी बात की है।अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी फिल्मों से बॉलीवुड में काफी नाम कमाया है। अभिनेता की गिनती आज बॉलीवुड के टॉप कलाकारों की लिस्ट में होती है। हालांकि, विक्की आज जिस मुकाम पर हैं, उसके लिए उन्हें काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा है। अब हाल ही में, अभिनेता ने बताया कि करियर में हर तरह का फेज फेस करने के बाद उन्होंने एंग्जायटी से कैसे डील की है। आइए जानते हैं। हार्पर बाजार के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, विक्की ने साझा किया, ठचिंता के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि इसे स्वीकार किया जाए।ठ उन्होंने एक वरिष्ठ अभिनेता से मिली सलाह को याद करते हुए कहा, ठएक वरिष्ठ अभिनेता ने एक बार मुझसे कहा था कि चिंता को अपना दोस्त बनाओ। यह हमेशा रहेगी; आपको बस इसे नियंत्रित करने की आवश्यकता है। इसे स्वीकार करना एक बेहतरीन पहला कदम है।विक्की ने क्रिएटिविटी से जुड़े रहने के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण समय में वे चिंता में फंसने के बजाय अपनी क्रिएटिविटी पर ध्यान केंद्रित करके आगे बढ़ते हैं। इस समय वे खुद को निर्देशन की दुनिया की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ठमैं फिल्म निर्माण को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हूं। मुझे अभी तक यकीन नहीं है कि मैं निर्देशन में कदम रखूंगा या नहीं, लेकिन मैं बहुत ही उत्सुक हूं।विक्की को आखिरी बार आनंद तिवारी द्वारा निर्देशित बैड न्यूज में देखा गया था। इस रोमांटिक कॉमेडी में तृप्ति डिमरी और एमी विर्क भी थे। यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रतिक्रिया पाने में विफल रही।अभिनेता अगली बार छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म छावा में नजर आएंगे। रश्मिका मंदाना अभिनीत यह फिल्म दिसंबर में रिलीज होने वाली है।




## शाहरुख खान के जन्मदिन पर सितारों से सजी पार्टी का आयोजन करेंगी पत्नी गौरी, 250 लोग होंगे शामिल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शाहरुख खान 2 नवंबर को अपना 59वां जन्मदिन मनाएंगे। इस मौके पर अभिनेता की पत्नी गौर खान एक शानदार भव्य पार्टी का आयोजन कर रही हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक, शाहरुख खान और गौरी एक जन्मदिन की पार्टी आयोजित कर रहे हैं और अपने जन्मदिन की रात शाहरुख अपनी पत्नी, बच्चों और सास के साथ डिनर करेंगे। दावा किया गया कि गौरी खान और शाहरुख की टीम ने उनके 59वें जन्मदिन के जश्न के लिए मेहमानों को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण भेजा है। इस भव्य अवसर के लिए 250 से अधिक लोगों की अतिथि सूची के साथ एक शाम की पार्टी की योजना बनाई गई है। मेहमानों की सूची में रणवीर सिंह, सैफ अली खान और करीना कपूर खान, करिश्मा कपूर, एटली, जोया अख्तर, फराह खान, शनाया कपूर, महीप कपूर, शालिनी पासी, नीलम कोठारी, करण जौहर, अनन्या पांडे, आलिया और शाहीन भट्ट शामिल हैं। इस बीच, शाहरुख खान का घर दिवाली और उनके जन्मदिन के लिए सजाया गया है। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में शाहरुख के घर मन्नत को रोशनी से सजाया गया है, क्योंकि खान परिवार आने वाले यादगार सप्ताह की तैयारी कर रहा है। एएनआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में मन्नत को त्यौहार की रोशनी में ढका हुआ देखा गया, जबकि प्रशंसक इसके दरवाजे पर तस्वीर लेने के लिए बाहर लाइन में खड़े थे। काम की बात करें तो शाहरुख खान जल्द ही 'किंग' में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन सुजॉय घोष करेंगे और इसमें कथित तौर पर सुहाना खान भी होंगी। शाहरुख ने कुछ हफ्ते पहले ही इस नए प्रोजेक्ट की पुष्टि की थी। फिल्म की शूटिंग जनवरी में शुरू होगी। निर्माताओं ने बुडापेस्ट को चुना है, जो अपने ठंडे मौसम के कारण फिल्म के लिए आवश्यक सही माहौल देगा। संवाद अब्बास टायरवाला द्वारा तैयार किए गए हैं, जिन्होंने हाल ही में वॉर 2 पर काम किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संवादों का पहला मसौदा तैयार किया गया था। इसके अतिरिक्त, शाहरुख, सुहाना, अभिषेक बच्चन और अभय वर्मा जनवरी में शूटिंग शुरू करेंगे।



## 'स्त्री 2' के फैन हुए अरशद वारसी, राजकुमार राव के अभिनय के बारे में कही बड़ी बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अरशद वारसी अपनी आने वाली फिल्म 'जॉली एलएलबी-3' को लेकर काफी खुश हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी आने वाली इस फिल्म के अलावा 'स्त्री-2' के बारे में भी काफी कुछ कहा। अरशद वारसी ज्यादातर कॉमेडी फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। जल्द ही वह अक्षय कुमार के साथ 'जॉली एलएलबी-3' में साथ दिखेंगे। इस फिल्म में भी दर्शकों को उनका कॉमिक अंदाज नजर आएगा। हाल ही में इस फिल्म से जुड़ी बातचीत के दौरान उन्होंने 'स्त्री-2' की खूब तारीफ की। उनका कहना है, यह फिल्म देखकर उनका पैसा वसूल हो गया। अरशद वारसी ने इंटरव्यू में कहा कि मैं जब फिल्म 'स्त्री-2' देखी तो यह फिल्म मुझे खूब पसंद आई। यह एक कमाल की फिल्म है। मुझे लगा कि यह फिल्म देखकर मैंने अपने पैसे का सही इस्तेमाल किया है। इसके अलावा मुझे इस फिल्म में राजकुमार राव बहुत अच्छे लगे वह बहुत ही अच्छे अभिनेता हैं। इस तरह से अरशद ने राजकुमार राव की खूब तारीफ की उनके अभिनय को सराहा। अरशद ने अपनी फिल्म 'जॉली एलएलबी-3' के बारे में भी इंटरव्यू में काफी कुछ बताया। खासकर एक सीन का जिक्र किया जिसमें उनके और अक्षय के बीच लड़ाई का दृश्य शूट हुआ। इस सीन को करते हुए अरशद को चोट भी आई। लेकिन वह इस सीन से जुड़ी बात बताते हुए काफी खुश नजर आए। वह कहते हैं, 'मैंने और अक्षय ने लड़ाई का सीन एक ही टेक में कर दिया। लेकिन इस सीन के दौरान मुझे चोट आ गई खून भी काफी निकला।' फिल्म 'जॉली एलएलबी-3' में अक्षय और अरशद का किरदार आमने-सामने हो सकते हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ काम करके अरशद काफी खुश हैं। उनके साथ काम करने को यादगार मानते हैं। ऐसा नहीं है कि इस जोड़ी ने पहले साथ में काम नहीं किया है, वह कई फिल्मों में एक साथ काम कर चुके हैं। दर्शकों ने भी इन्हें खूब पसंद किया और बॉक्स ऑफिस पर इनकी फिल्मों ने अच्छी कमाई की।



## वॉकर ब्लैंको ने खास अंदाज में अनन्या पांडे को किया विश, कहीं ये सच में प्यार का इजहार तो नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेत्री अनन्या पांडे को उनके कथित बॉयफ्रैंड वॉकर ब्लैंको ने जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट ने स्पेशल अंदाज में बधाई दी है। उन्होंने अपनी पोस्ट पर लिखा, 'हैप्पी बर्थडे ब्यूटीफुल, आप बहुत स्पेशल हैं आई लव यू एनी'। पोस्ट को देखकर ऐसा लग रहा है कि वॉकर मैंने अब सब छोड़ दिया है। जो भी हो! अब मुझे कोई परवाह नहीं है। मैं कुछ भी छिपाने की कोशिश नहीं कर रही हूं। अनन्या पांडे हाल ही में अपनी फिल्म 'कंट्रोल' में नजर



पर अनन्या पांडे को विश कर कुछ खास बात लिखी है, जिसके बाद उनके और अनन्या के रिश्ते को लेकर प्रशंसक बात कर रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे अपना जन्मदिन मना रही हैं। अनन्या को उनके जन्मदिन पर कई सितारों ने बधाई दी। अनन्या को अपनी जिंदगी के खास इंसान से अपने जन्मदिन पर एक खास अंदाज में बधाई मिली है। अनन्या पांडे के उनके कथित बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको ने जन्मदिन की बधाई दी है। अनन्या पांडे को उनके जन्मदिन पर वाकर ब्लांको ब्लैंको ने अपने प्यार का इजहार किया है, प्रशंसकों को इस बात का हमेशा से इंतजार था। एक वायरल वीडियो में अनन्या पांडे अपने कथित बॉयफ्रेंड की फोन कॉल को नजरअंदाज करती नजर आ रही हैं। अनन्या ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्होंने कभी समझदार बनने की कोशिश नहीं की। अनन्या पांडे ने कहा, मैंने इस बिंदु पर हार मान ली है। मुझे एहसास हुआ है कि जितना अधिक मैं कुछ छिपाने या चुपके से काम करने की कोशिश करती हूं, उतना ही अधिक मैं ऐसा करते हुए पकड़ी जाती हूं इसलिए आईं थीं। अनन्या पांडे के इस अभिनय को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। निर्देशक से लेकर प्रशंसकों तक सभी ने अनन्या के अभिनय की तारीफ की है। अनन्या पांडे अपनी जिंदगी की बातें अक्सर साझा करती रहती हैं। अनन्या पांडे हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म कंट्रोल में नजर आईं। आगामी फिल्म की बात करें तो अनन्या 'शंकरा' में नजर आने वाली हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन भी दिखने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन करण सिंह त्यागी करेंगे।

## अब कैसी है गोविंदा की हालत बेटे यशवर्धन ने प्रशंसकों को दी पिता के स्वास्थ्य की जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गोविंदा के बेटे यशवर्धन ने अपने पिता के स्वास्थ्य को लेकर आएंगे। मुंबई में दिवाली पार्टी के दौरान यशवर्धन ने पैपराजी से गोविंदा के टांके हटाने की बात की। उन्होंने कहा कि थोड़ा गहरा लग गया था, लगा तब विश्वास नहीं हुआ, ऐसे लगा ये क्या हो गया।



अपडेट दिया है। उन्होंने बताया कि अब उनके पिता की हालत कैसी है। मजाकिया अंदाज में उन्होंने कहा कि वह जल्द ही आपको नाचते हुए नजर आएंगे। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा के बेटे यशवर्धन अहूजा ने अपने पिता के स्वास्थ्य को लेकर अपडेट दिया है। यशवर्धन ने बताया उन्हें धोखे से अपने ही हाथ से बंदूक चला दी थी। उन्हें अब बेड रेस्ट करने के लिए बोला गया है। उन्होंने बताया कि पापा अब पहले से ठीक हैं। उन्होंने मजा किया कि वह जल्दी ही डांस करते नजर उन्होंने बताया, 'बढ़िया, बढ़िया, अब वे पहले से अच्छे हैं। टांके निकाल दिए गए हैं, कोई टेंशन नहीं है'। इतना ही नहीं मजाकिया अंदाज में उन्होंने कहा कि वह जल्द ही डांस करते नजर आएंगे। पिछले महीने अभिनेता गोविंदा ने अपने ही हाथ से खुद को गोली मार ली थी। वह कोलकाता जा रहे थे, इस दौरान उन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गलती से शॉट लग गया और गोली उनके पैर में लग गई थी।गोविंदा ने अस्पताल से आने के बाद पैपराजी से बात की थी। मैं एक शो के लिए कोलकाता जा रहा था, सुबह करीब 5 बजे। मेरी बंदूक गिर गई और फायर हो गई। मुझे झटका लगा और देखा कि खून बह रहा है। अभिनेता गोविंदा ने हादसे के बाद अस्पताल से बयान जारी किया। उन्होंने डॉक्टरों व प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'नमस्कार, प्रणाम, मैं हूं गोविंदा। आप सभी का आशीर्वाद और बाबा का आशीर्वाद। गोली लगी थी। लेकिन, गुरु की कृपा से गोली निकाल दी गई है। मैं धन्यवाद देता हूं, यहां के डॉक्टरों का।

## बेटी राहा को कहानियां सुनाने की आदत डाल रही हैं आलिया, बोलीं- हर माता-पिता को यह करना चाहिए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेत्री अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में, आलिया ने राहा को लेकर एक को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया है। आलिया भट्ट ने माना कि वह इन दिनों क्रिएटिव हो रही हैं, जब वह अपनी बेटी राहा कपूर के लिए कहानियां बनाने के लिए काफी





दिलचस्प खुलासा किया है।वासन बाला निर्देशित और आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म 'जिगरा' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो चुकी है। यह फिल्म ओपनिंग डे से ही संघर्ष कर रही है। रिपोट्र्स के मुताबिक कई शहरों में पहले दिन ही इसके शो रद्द कर दिए गए, क्योंकि इसे दर्शक नहीं मिल रहे थे। आलिया भट्ट के करियर के लिए यह फिल्म बड़ी फ्लॉप साबित हुई थी। हालांकि, अभिनेत्री अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में, आलिया ने राहा सोचती हैं । अभिनेत्री ने हाल ही में, चैनल एड-ए-मम्मा कॉन्शियस क्लोथिंग चैट में साझा किया कि कैसे वह अपने पति रणबीर कपूर और बहन शाहीन भट्ट के बारे में कहानियां बनाती हैं, क्योंकि उनकी बेटी उन्हें सुनना चाहती हैं।

## कानूनी विवाद में फंसी यश की फिल्म टॉक्सिक सेट निर्माण के लिए पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर बढ़ी मुसीबत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने यश की फिल्म टॉक्सिक के सेट के निर्माण के लिए पेड़ों की अवैध कटाई को अनुमति देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है।साउथ सुपरस्टार यश इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं, जो फिल्म की कहानी और उनके कलाकार से जुड़ी हुई हैं। इसी क्रम में एक और खबर सामने आई है, जिसमें बताया गया है कि अभिनेता की फिल्म पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर कानूनी विवाद में फंस गई है। आइए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है। यश की मुख्य भूमिका वाली टॉक्सिक 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। गीतू मोहनदास निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है। हालांकि, हाल ही में खबर आई है कि यश की यह फिल्म सेट निर्माण के लिए पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर विवादों में आ गई है। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने मंगलवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें जिन्होंने वन भूमि पर पेड़ों की कटाई की अनुमति दी थी, जहां टॉक्सिक के लिए सेट बनाया गया था। उन्होंने उस स्थान का निरीक्षण भी किया, जहां फिल्म की शूटिंग हो रही थी। वन मंत्री ने पीटीआई के हवाले से कहा, ठएचएमटी ने अपने कब्जे वाली वन भूमि को अवैध रूप से अलग-अलग सरकारी और निजी संगठनों और व्यक्तियों को बेच दिया है और यहां गैर-वानिकी गतिविधियां होती हैं। इस वन क्षेत्र में पेड़ों की कटाई सैटेलाइट इमेज से दिखाई देती है।ठ उन्होंने कहा कि हाल ही में उन्हें पता चला कि एचएमटी अपने नियंत्रण वाली वन भूमि को फिल्म शूटिंग के लिए पट्टे पर दे रही है तथा प्रतिदिन खुले क्षेत्रों को किराये पर दे रही है। वन मंत्री ने कहा कि अगर किसी अधिकारी द्वारा जंगल में पेड़ों को काटने की अनुमति दी गई है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई के लिए जिम्मेदार सभी लोगों के खिलाफ वन अपराध का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।





स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।